उज्जैन
शुक्रवार
29
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-205
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता शेट्टी... ट्रोलर से बोलीं- शादी करके आपने क्या उखाड़ लिया; सिंगल महिलाओं को एज शेम करना बंद करें

पेज- 8

## ओमान 15वां देश जिसपर ट्रम्प ने हमले की धमकी दी



**वॉशिंगटन।** ट्रम्प ने बुधवार को ओमान पर हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर वह ईरान के साथ मिलकर होर्मुज स्ट्रेट को कंट्रोल करने की कोशिश करता है तो अमेरिका उसे उड़ा देगा। ओमान 15वां ऐसा देश है जिस पर ट्रम्प ने हमले की धमकी दी है। इतना ही नहीं, ट्रम्प के कार्यकाल में अमेरिका ने 7 देशों पर हमले भी किए हैं। इसमें वेनेजुएला भी शामिल है जहां घुसकर अमेरिका ने राष्ट्रपति का किडनैप कर लिया था। इसके अलावा ट्रम्प 4 देशों पर कब्जा करने की चेतावनी भी दे चुके हैं। इसमें कनाडा, ग्रीनलैंड, वेनेजुएला और क्यूबा शामिल हैं।

## कर्नाटक में 4 डिप्टी सीएम हो सकते हैं, शिवकुमार सीएम होंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने नोटिफिकेशन जारी किया। अब मौजूदा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री होंगे। तब तक सिद्धारमैया कार्यवाहक सीएम रहेंगे। इधर, इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। दोनों आज राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ नई कैबिनेट के मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। पार्टी सूत्रों की मानें तो डीके अगले हफ्ते नए कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। साथ ही सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए चार डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।

## भारत में इजराइल का जबरदस्त समर्थन, मेरे सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वहीं से



**इजराइल।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत और इजराइल के रिश्तों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में इजराइल को आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त समर्थन देखने को मिलता है। वेस्ट बैंक में गुरुवार को आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा कि भारत इजराइल की ग्लोबल रणनीति में बेहद खास जगह रखता है। उन्होंने भारत और इजराइल के रिश्तों को अनोखा बताया और कहा कि भारत के लोगों में इजराइल के प्रति खास लगाव है।

## दिल्ली-रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की घर में आग लगने से मौत

**नई दिल्ली।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी धनेंद्र कुमार की दिल्ली के हौज खास स्थित उनके घर में आग लगने से मौत हो गई। शुरुआती जांच के मुताबिक, आग एयर-कंडीशनिंग यूनिट में हुए ब्लास्ट के कारण लगी थी। हादसे के वक्त घर में पांच लोग मौजूद थे। धनेंद्र के बेटे का अस्पताल में इलाज जारी है। हरियाणा कैडर के 1968 बैच के आईएएस अधिकारी धनेंद्र कुमार 80 साल के थे। वे वर्ल्ड बैंक में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर भी रह चुके थे। साथ ही कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया के पहले चेयरमैन भी थे। सीसीआई एक सरकारी संस्था है जो यह सुनिश्चित करती है कि कोई कंपनी बाजार में अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल न करे। सीसीआई की स्थापना 2003 में हुई थी।

# पुल का स्लैब गिरने से 6 की मौत

### 6 मजदूरों के दबे होने की आशंका, प्रत्यक्षदर्शी बोले- आंधी-बारिश के चलते हादसा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हमीरपुर**

यूपी के हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निमार्णाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। एसएसपी के मुताबिक, 6 लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। स्टेट रिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स रेस्क्यू में जुटी है। जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आंधी-बारिश से स्लैब गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक, हमीरपुर में 70-80 की स्पीड में आंधी चली।

हादसा शहर से 25 किमी दूर ललपुरा थाना क्षेत्र में हुआ। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। यूपी ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 700 मीटर लंबा दो लेन ब्रिज मोराकांड से कुरारा के बीच बन रहा है। इसकी लागत 60 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि रात में आए तूफान के कारण स्लैब के नीचे लगा सपोर्ट सिस्टम हिल गया, जिससे स्लैब नीचे गिर गए। नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे की जांच स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ कारपोरेशन भी करेगा।



#### ब्रिज कारपोरेशन के एमडी बोले- हादसे की जांच कराएंगे

उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि ब्रिज अभी निमार्णाधीन है। पुल बनाने के लिए पिलरों पर सीमेंट के स्लैब लगाए जा रहे हैं। रात में आई आंधी-तूफान से स्लैब के नीचे लगा सपोर्ट सिस्टम हिल गया, जिससे सेगमेंट स्लैब नीचे गिर गए। वहां नीचे सो रहे मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ब्रिज गिरने की जांच स्थानीय प्रशासन के साथ कारपोरेशन भी करेगा। प्रदेश में कारपोरेशन की ओर से बनाए जाने वाले पुलों की थर्ड पार्टी ऑडिट आईआईटी बीएचयू से कराई जाती है। इस ब्रिज की भी थर्ड पार्टी ऑडिट आईआईटी बीएचयू ही कर रहा है। वे खुद मौके पर जा रहे हैं। कानपुर में तैनात कारपोरेशन के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य अधिकारी रात में ही मौके पर पहुंच गए थे।

## बाबा महाकाल मंदिर में सगाई की रस्म निभाई



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर में कई श्रद्धालु प्रतिबंध के बावजूद मंदिर में प्रवेश से लेकर भगवान के दर्शन तक की रील बनाकर पोस्ट करते हैं। लेकिन, दिल्ली के दो भक्तों ने न सिर्फ रील बनाई, बल्कि एक-दूसरे को रिंग पहनाकर सगाई करने का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी कर दिया। मामला नंदी हॉल के पास पहले बैरिकेड का है। वीडियो में महाकाल शिवलिंग के सामने युवक पहले युवती को रिंग पहनाता नजर आ रहा है, वहीं बाद में युवती भी युवक को रिंग पहनाकर सगाई की रस्म निभाती दिखाई दे रही है। यह वीडियो पुलकित मल्होत्रा और गिन्नी खंडूजा ने अपनी इंस्टा आईडी पर पोस्ट किया था। जिसमें लिखा है, जब महाकाल राजी तो क्या करेगा काजी। खास बात यह है कि इस दौरान किसी ने भी उन्हें वीडियो बनाने से नहीं रोका।

### नीट री-टेस्ट पेपर : राजनाथ सिंह के घर हुई बैठक में फैसला

## सेना-वायुसेना की मदद से एग्जाम सेंटर पहुंचेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

नीट-यूसी पेपर लीक विवाद के बीच 21 जून को होने वाले री-टेस्ट से पहले गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हाईलेवल बैठक हुई। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह शामिल हुए।

प्रधान ने यूपीएससी की तरह नीट पेपर के लिए सेना और वायुसेना की मदद मांगी। इसके लिए रक्षा मंत्रालय राजी हो गया है। बैठक में तय हुआ कि अब पेपर सेट करने, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन से लेकर परीक्षा केंद्रों तक पेपर पहुंचने का पूरा काम कई स्तर की निगरानी में होगा। बैठक के बाद प्रधान ने बताया कि री-टेस्ट के पेपर के परिवहन में वायुसेना मदद करेगी। पिछली परीक्षाओं में डाक विभाग, गृह मंत्रालय की प्रमुख भूमिका थी। इसमें हमने कुछ बदलाव किए हैं। एनटीए ने फीस रिफंड के लिए बैंक अकाउंट डिटेल्स देने की डेडलाइन 22 जून रात तक कर दी है। पहले यह डेडलाइन 27 मई थी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री री-टेस्ट की तैयारियों पर खुद नजर रख रहे हैं और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी हर जानकारी उन्हें दी जा रही है।

#### सीबीएसई मामले की जिम्मेदारी लेता हूं : प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि छात्रों की समस्याओं का समय पर, पारदर्शी और छात्र हित में समाधान किया जाए। सिस्टम के अंदर या बाहर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सीबीएसई और केंद्र सरकार पर उठाए सवालों पर प्रधान ने कहा- यह पहली बार था जब सीबीएसई ने इतने बड़े स्तर पर यह सिस्टम लागू किया।

### मुकेश अंबानी ने लगातार छठे साल सैलरी नहीं ली

## डिविडेंड से 3,996 करोड़ की कमाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई**

मुकेश अंबानी ने अपनी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से लगातार छठे साल भी कोई सैलरी नहीं ली है। कंपनी की ओर से जारी एनुअल रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुकेश अंबानी की सैलरी, अलाउंस, भत्ते और रिटायरल बेनिफिट्स पूरी तरह जीरो रहे। इस समय उनकी कमाई का मुख्य जरिया कंपनी से मिलने वाला डिविडेंड (लाभांश) ही है।

**कोरोना महामारी के दौरान लिया था फैसला, 2008 से तय की थी सैलरी लिमिट-** 69 साल के मुकेश



अंबानी ने जून 2020 में कोरोना महामारी के दौरान देश के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक स्वास्थ्य पर पड़े असर को देखते हुए अपनी पूरी सैलरी छोड़ने का फैसला किया था। उन्होंने तय किया था कि जब तक रिलायंस के सभी बिजनेस अपनी पूरी कमाई की क्षमता पर वापस नहीं आ जाते, तब तक वह कोई वेतन नहीं लेंगे।

## अमेरिका-ईरान 60 दिन के सीजफायर पर राजी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

अमेरिका और ईरान 60 दिन के संघर्षविराम समझौते पर सहमत हो गए हैं। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक अब सिर्फ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अंतिम मंजूरी बाकी है। दोनों देशों के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर सहमति बनी है। इसका मकसद संघर्षविराम बढ़ाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत शुरू करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने समझौते पर फैसला लेने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है। वहीं ईरान ने भी आधिकारिक तौर पर अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रोकटोक जारी रहेगी। ईरान को 30 दिनों के भीतर समुद्री माइंस हटानी होंगी और जहाजों से टोल नहीं लिया जाएगा। इसके बदले अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी धीरे-धीरे हटाएगा और ईरान को तेल बेचने के लिए कुछ प्रतिबंधों में राहत देने पर चर्चा करेगा।

### सत्ता-संगठन की इस अनूठी पहल का दुरुपयोग होने लगा

## स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद ट्रांसफर कराने के आवेदन तेजी से बढ़े

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन/भोपाल**

कार्यकर्ता आधारित पार्टी की परिकल्पना को साकार करने के लिए मप्र में सत्ता और संगठन ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल शुरू किया है। ताकि कार्यकर्ताओं की समस्याओं को मंत्री सुने और उनका समाधान करवाएं। लेकिन सत्ता-संगठन की इस अनूठी पहल का दुरुपयोग होने लगा है। कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू की गई सहयोग सेल अब ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े आवेदनों का भी प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। पहले जहां राजस्व विवादों से संबंधित शिकायतें सबसे अधिक आती थीं, वहीं स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद ट्रांसफर कराने के आवेदन तेजी से बढ़े हैं।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पहल पर दिसंबर 2025 में सहयोग सेल की शुरूआत की गई थी। यहां सप्ताह में पांच दिन प्रदेशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी जाती हैं। इसके लिए प्रतिदिन एक मंत्री और संगठन का एक पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है। भाजपा सूत्रों के अनुसार सहयोग सेल में हर महीने करीब एक हजार शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इनमें नामांतरण, बंटवारा और जमीन विवाद जैसे राजस्व मामलों की संख्या सबसे अधिक है। हालांकि हाल के महीनों में कार्यकर्ताओं द्वारा अपने परिजनों और रिश्तेदारों के स्थानांतरण करवाने संबंधी आवेदन भी बड़ी संख्या में आने लगे हैं। भाजपा की सहयोग सेल पिछले पांच महीने से लगातार सक्रिय है। इसके संचालन के लिए महीने की शुरूआत में ही मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों का ड्यूटी चार्ट तैयार किया जाता है। यह सूची पार्टी के प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाई जाती है, ताकि कार्यकर्ता अपनी समस्या लेकर निर्धारित दिन पर संबंधित मंत्री और पदाधिकारी से संपर्क कर सकें।



## खबर एक नजर...

### बाइक के सामने आया कुत्ता, चालक हुआ घायल

**उज्जैन।** अभिलाषा कालोनी देवासरोड पर रहने वाला नानकराम पिता रामचरण 35 साल नागझिरी स्थित पोहा फैक्ट्री में काम करता है। बुधवार रात फैक्ट्री से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर ही बाइक के सामने कुत्ता आ गया, जिसके चलते संतुलन बिगड़ने पर गिर गया। चेहरे पर गंभीर चोंट लगने पर परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया। सड़कों पर दौड़ते आवारा कुत्ते जहां लोगों को अपना शिकार बना रहे है, वहीं अब दुर्घटना का कारण भी बनते जा रहे है। पूर्व में भी कई मामले बाइक के सामने आने पर हुई दुर्घटना के सामने आ चुके है।

### नौतपा में तापमान पहुंचा 42 डिग्री पार

**उज्जैन।** नौतपा में जहां हवा की रफ्तार 12 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक बनी हुई और लू का खतरा बना हुआ है, वहीं तापमान भी गुरुवार को 42 डिग्री के पार पहुंच गया। नौतपा के शुरुआती दिनों में तापमान 41 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में और अधिक तेजी आयेगी। दिन के तापमान में आ रही तेजी के साथ रात में न्यूनतम 27 डिग्री से अधिक दर्ज हो रहा है। बढ़ते तापमान से दिन-रात बैचेनी महसूस हो रही है। स्थानीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार नौतपा में तापमान 43 डिग्री के पार जा सकता है।

### ट्रेन में आभूषणों से भरा पर्स छीनकर भागा बदमाश

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने आ रहे परिवार के साथ ट्रेन में बड़ी वारदात हो गई। बदमाश महिला के हाथ से आभूषण से भरा पर्स छीनकर भाग निकला। मामला जीआरपी के पास पहुंचा तो जांच के लिये भोपाल जीआरपी को भेजा गया। अमरावती का रहने वाला परिवार यशवंतपुरा-डॉ अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में सवार होकर महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहा था। बुधवार-गुरुवार रात ट्रेन के सिहोर स्टेशन पहुंचने के दौरान रफ्तार कम हुई। उसी दौरान कोच एस-4 में अचानक एक बदमाश आया और परिवार की महिला आशा के हाथ से पर्स छीनकर वापस ट्रेन से कूदकर भाग निकला। परिवार ने शोर मचाया लेकिन बदमाश भाग निकला था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर परिवार ने मामले की शिकायत जीआरपी थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पर्स में सोने की चार अंगूठी, चेन, कान के टॉप्स, मंगलसूत्र और 31 हजार रुपए नगद रखे थे। जीआरपी ने मामले में जीरो पर कायमी करते हुए जांच भोपाल जीआरपी को भेज दी। बताया जा रहा है कि आभूषण और नगदी की कुल कीमत 4 लाख से अधिक है।

### मजदूर दंपती की 3 वर्षीय पुत्री पर चढ़ा ट्रेक्टर, मौत

**उज्जैन।** सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। मजदूर दंपति की 3 वर्षीय पुत्री पर निर्माण कार्य में लगा ट्रेक्टर चढ़ गया। मासूम की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर जप्त किया है। चालक घटनाक्रम के बाद भाग निकला था। महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि गौंसा क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। शाम को 3 साल की बालिका वंशिका पिता प्यारसिंह खेल रही थी, माता-पिता मजदूरी में लगे थे। उसी दौरान निर्माण कार्य में लगा नीले रंग का ट्रेक्टर चालक द्वारा रिवर्स लिया गया, खेल रही वंशिका पहिये की चपेट में आ गया। जिसकी चीख निकली और उसकी सांस थम गई। चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला। वंशिका को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह धार के ग्राम सेवरीमाल ग्राम पंचायत भडकिया थाना नालछिया के रहने वाले है। 15 दिन पहले ही मजदूरी के लिये 2 बेटियों के साथ उज्जैन आये थे। वंशिका की एक छोटी बहन और है। एएसआई थिरोठा के अनुसार मामले में दुर्घटना का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह बालिका का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। ट्रेक्टर जप्त कर लिया गया है। चालक की तलाश जारी है।

---

### भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए सीएम डॉ. मोहन यादव

# जिला प्रशिक्षण वर्ग में 200 से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को राजाराम रिसॉर्ट में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ईवी मिनी ट्रेवलर से उज्जैन पहुंचे। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में मितव्ययिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर लगातार जोर देते हैं। उसी प्रेरणा से उन्होंने ईवी वाहन से यात्रा का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा आज समय की आवश्यकता है और हर स्तर पर इसके लिए उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए है क्योंकि उसके कार्यकर्ता विचारधारा से जुड़े हुए हैं और जनसेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा, जनसंपर्क और कार्यपद्धति का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा पार्टी ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मंचासीन अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### विभिन्न विषयों पर हुए प्रशिक्षण सत्र

- मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार प्रशिक्षण वर्ग में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।
- उद्घाटन सत्र को भाजपा नगर अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज ने संबोधित किया।
- प्रथम सत्र में विधायक आशीष शर्मा ने स्थानीय कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन एवं आईटी विषय पर मार्गदर्शन दिया।
- द्वितीय सत्र में प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह ने हमारा इतिहास एवं विकास विषय पर विचार रखे।
- तृतीय सत्र में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर संबोधित किया।
- चतुर्थ सत्र में पंकज चतुर्वेदी एवं सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया, मीडिया एवं एआई विषय पर जानकारी दी।
- पंचम सत्र में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कार्य विस्तार विषय पर संबोधित किया।
- षष्ठम सत्र में अशोक अधिकारी ने व्यावहारिक सत्र का संचालन किया।
- सप्तम सत्र में कान्हसिंह ने कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं अपेक्षाओं पर मार्गदर्शन दिया।
- अष्टम सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

### ये जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी रहे उपस्थित

प्रशिक्षण वर्ग में सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, प्रभुलाल जाटवा, रवि सोलंकी, जगदीश अग्रवाल, पारस जैन, रमेश शर्मा, वीरेंद्र कावड़िया, राजीव खंडेलवाल, बजरंगलाल पुरोहित, मुकेश यादव, प्रदीप पांडे, राजेंद्र भारती, जगदीश पांचाल, आनंदसिंह खींची, कमल बैरवा, प्रमिला यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी- मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की उपलब्धियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधोसंरचना विकास के साथ-साथ पर्यावरण, नदी संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में भी कार्य किया है। उन्होंने उज्जैन की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार विश्व में सात सागर हैं, उसी प्रकार उज्जैन में भी सात सागर हैं। यहां 84 महादेव और चार द्वारपालों की परंपरा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जुड़ी हुई है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, गोपालन, सिंचित कृषि क्षेत्र और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहले जहां 8 लाख लीटर दूध उत्पादन होता था, वह अब बढ़कर 13 लाख लीटर तक पहुंच गया है।

### विकास, पर्यटन और रोजगार पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। गेहूं, सोयाबीन और दलहन उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उज्जैन, महाकाल लोक सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों का व्यापक विकास किया गया है। प्रदेश में सड़क, एक्सप्रेस-वे और शहरी अधोसंरचना के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

---

### यूडीए परिसर में धरती के दामन को पानी से भरने की तैयारी

# जल जमाव की जगह बनाया सरफेस वाटर रिचार्ज पिट...

### आधा बीघा क्षेत्र में होता है बडा जलजमाव, कार्यालयों में प्रवेश में आती है समस्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने परिसर में धरती के दामन को पानी से भरने की तैयारी कर ली है। परिसर के एक क्षेत्र में जल जमाव वाले स्थान पर एक बडा 10 बाय 10 फीट आकार का सरफेस वाटर रिचार्ज पिट बनाया जा रहा है। इससे करीब 2 बीघा से अधिक जमीन के जलजमाव को धरती में सहेजा जा सकेगा इसके साथ ही तीन बडे भवनों की छत के पानी को भी यहां जमीन में उतारा जा सकेगा।

उज्जैन विभाग प्राधिकरण की स्थापना उज्जैन संभाग की स्थापना के बाद हुई। शुरूआत में इसका प्रारंभिक कार्यालय कंट्रोल रूम के पास एलआईसी के भवन के स्थान पर नगर सुधार न्यास के कार्यालय में संचालित होता था। उसके उपरांत भरतपुरी क्षेत्र में इसका पहला कार्यालय तीन बिल्डिंगों के निर्माण के साथ हुआ । यहां निचले तल में बाद में बैंक का संचालन होता रहा जो वर्तमान में 6 मंजिला स्वयं के भवन में चल रहा है।

**ये किया जा रहा-** विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने परिसर में सुलभ शौचालय के पास की खाली पडी जमीन में सरफेस रिचार्जिंग पीट बनाया है। यहां पास की छोटी बिल्डिंग में भोज का क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछडा वर्ग का कार्यालय संचालित होता है। इस परिसर के तीन भवनों की छत का और परिसर का पानी ढलान इस और होने से यहीं पर एकत्रित होता है जिससे बरसात के समय में भोज के क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछडा वर्ग कार्यालय में जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। पुरा क्षेत्र तालाब का रूप ले लेता है। यहां इकट्ठा होने वाले सतह के पानी को जमीन में डालने के लिए पीट बनाया गया है। बकौल सहायक यंत्री सतीश मुंगी जल जमाव का क्षेत्र होने से यहां पीट बनाया गया है। इसका केल्कुलेशन नहीं किया गया है कि कितनी जमीन एवं छतों का पानी इसमें समाहित होगा।



### करीब 4 बीघा का पानी सहेजा जाएगा

विकास प्राधिकरण के पुराने परिसर में कुछ समय पूर्व तक आरटीओ कार्यालय संचालित होता था। यहां एक से लगायत एक तीन भवन बने है। ये पूरा परिसर लगभग एक हेक्टेयर का है। इसमें करीब 3 बीघा खुली जमीन है और 2 बीघा क्षेत्र में तीन भवन बने हुए है। परिसर का पानी एक तरफ ढलान होने से उसी और आता है। ढलान के मुहाने पर बडी नाली है जिसमें यह पानी जाकर सीधे ऋषिनगर के नाले में होता हुआ नदी तक चले जाता है। भवन की छतों का पानी भी परिसर में इसी स्थान की और आता है। ऐसे में करीब 4 बीघा क्षेत्र का पानी सरफेस रिचार्जिंग पीट में एकत्रित होकर जमीन के दामन को भरेगा। बकौल श्री मुंगी भवनों के लिए भी विचार किया जा रहा है कि इनकी छतों के पानी को सहेजने के लिए भी सिस्टम बनाया जाए।

---

# महाकाल के गर्भगृह को 320 किलो मोगरे से सजाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


मई के आखिरी दिनों में पारा 42 डिग्री के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित है। तपन से प्राकृतिक राहत के लिए देवालयों में ठंडी तासीर की पूजन सामग्री और फूलों का उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर और महाप्रभुजी की बैठक को मोगरे से सजाया गया।

जयपुर से आए शेखर अग्रवाल सहित 10 भक्तों का दल 12 साल से यह सेवा कर रहा है। वे जयपुर से 320 किलो मोगरा लेकर आए, जिसे सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया की मौजूदगी में मंदिर समिति को सौंपा गया। संध्या आरती के समय पुजारियों ने गर्भगृह में आकर्षक सजावट की।

वहीं, अधिक मास वैष्णव मंदिर में सुबह पनघट लीला और शाम को मोगरे-गुलाब श्रृंगार के दर्शन हुए। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एके दीक्षित के अनुसार, मोगरे की ठंडी तासीर और गंध अणु मस्तिष्क के न्यूरो ट्रांसमीटर व गाबा रिसेप्टर्स को सक्रिय कर मानसिक शांति देते हैं। यह महक कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर और ब्लड प्रेशर कम करती है।

उज्जैन
शुक्रवार
29
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### इंदौर में रोहित हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में शुक्रवार रात रोहित सोनाने की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित के शव को एमवाय अस्पताल छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में पिंटू गोस्वामी और मित वर्मा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस मिलन गोहर और ऋतिक परमार को पकड़ चुकी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक अब तक इस हत्याकांड में मित वर्मा, पिंटू गोस्वामी, मिलन गोहर और ऋतिक परमार की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में सामने आया है कि शुक्रवार रात रुपए के लेनदेन को लेकर आरोपियों ने रोहित के साथ मारपीट की थी। इसी दौरान रोहित बिल्डिंग से नीचे गिर गया था। घटना के बाद आरोपी उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि किए जाने के बाद वे शव छोड़कर वहां से फरार हो गए। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने बाद में थाने पहुंचकर खुद ही सरेंडर कर दिया था। हालांकि पुलिस ने दो दिनों तक उनकी गिरफ्तारी सार्वजनिक नहीं की। इसी बीच आरोपियों के परिचितों ने सोशल मीडिया पर उनके पकड़े जाने की जानकारी साझा कर दी, जिसके बाद मामले की चर्चा तेज हो गई।

### चाइनीज दुकान में लगी भीषण आग, आसपास की दो दुकानें भी चपेट में आई

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में गुरुवार शाम एक चाइनीज की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दूर तक धुआं दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना नंदानगर की गली नंबर 1 स्थित मजदूर चौक के पास की है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें पास की दो छोटी दुकानों तक पहुंच गईं। बाद में दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया। शर्मा चाट दुकान के धीरज शर्मा ने बताया कि आग पास में स्थित बोर्ड बनाने वाली दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग की चपेट में आने से नजदीक का मेडिकल स्टोर और उनकी दुकान भी पूरी तरह जल गई। पार्षद मुन्नालाल यादव ने निगम के टैंकर भेजकर आग बुझाने में मदद की। बताया जा रहा है कि दमकलकर्मी मोटर चालू करने का पार्ट साथ लाना भूल गए थे। इसके बाद दूसरा पार्ट मंगवाकर टैंकर की मोटर चालू की गई, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### इंदौर में एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश:बनियान पहने बदमाश कैमरे में कैद

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक निजी बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें बनियान पहना एक व्यक्ति एटीएम में घुसकर तोड़फोड़ करता दिखाई दे रहा है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर निवासी अमित बोहती की शिकायत पर नायता मुडला स्थित इंडिया वन एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की नीयत से एटीएम में घुसा था। उसने एटीएम मशीन की वायरिंग, डोर हैंडल, डोर लॉक, कैमरा और मशीन का लॉक तोड़ दिया। हालांकि वह एटीएम से नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले असरावद खुर्द इलाके में इसी कंपनी के एटीएम में भी चोरी की कोशिश की गई थी। उस मामले में भी पुलिस को बनियान पहने एक संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज मिले थे। टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि दोनों घटनाओं में एक ही तरह का व्यक्ति दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करें : शहर काजी

## नमाजियों ने हाथ उठाकर किया समर्थन, बारिश का पानी जमीन में उतारने अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



ईद के मौके पर देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां सदर बाजार स्थित ईदगाह में नमाज से ठीक पहले शहर काजी डॉ. इशरत अली ने समाज को सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने खुले मंच से गाय को राष्ट्रीय धरोहर मानने की वकालत की, जिसका वहां मौजूद हजारों नमाजियों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। इसके बाद शांतिपूर्वक ईद की नमाज अदा की गई।

**ताकि गाय काटने पर पाबंदी लग जाए-** गाय को हमसाया कौम के लोग बड़े एहतराम से देखते हैं। मुसलमानों पर ये इलजाम लगता है कि ये काटकर खाते हैं। अभी कुछ टाइम से मांग उठा रही है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। हम मांग करते हैं कि गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए, ताकि उसके कटने पर पाबंदी लग जा। शहर काजी ने पानी बचाने को लेकर भी अपील की। उन्होंने कहा- बारिश के पानी को जमीन में उतारें, ये न सोचें कि सरकारी करेगी, प्रशासन करेगा। ये सब आते-जाते रहते हैं। हमें आपको सोचना होगा।

**मुसलमान ही बेच रहा नशा, इससे बचें-** काजी इशरत अली ने एक और बात दमदारी से कहा- नशा बहुत बड़ी चिंता का विषय है। मुसलमान ही नशा बेच रहा है। इसमें औरतें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा- इंदौर में नशे का मुद्दा सबसे पहले मैंने उठाया है। मैं लगातार उठा रहा हूं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी लगातार इस मुद्दे को काफी प्रमुखता से उठते रहे हैं।

### हिंदू परिवार बग्घी में लाया शहर काजी को

इंदौर की ईद एक और खास वजह से पूरे देश में मिसाल है। यहां 50 से अधिक वर्षों से एक अनोखी परंपरा निभाई जा रही है। ईद के दिन शहर काजी को उनके घर से नमाज स्थल (सदर बाजार ईदगाह) तक लाने और वापस छोड़ने की जिम्मेदारी एक हिंदू परिवार निभाता है। इस बार भी सत्यनारायण सलवाडिया और उनके परिवार ने इस रिवाज को आगे बढ़ाया। जैसे ही शहर काजी अपने घर से बाहर आए। हिंदू परिवार ने फूलों का हार पहनाकर उनका स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद उन्हें खास तौर पर सजाई गई बग्घी/कार में ससम्मान ईदगाह लाया गया। बता दें कि पिछली ईद पर काजी साहब को विंटेज कार से लाया गया था। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### गाय खाने वाले भी राष्ट्र माता बनाने की कर रहे मांग



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने और सड़कों पर भटक रही गायों के संरक्षण के लिए 27 जुलाई को राष्ट्रव्यापी अभियान की घोषणा की है। इसके तहत देश के सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे और हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। उत्तराखंड के श्री बद्रीनाथ धाम में 21 दिवसीय साधना के बाद भगवान सत्यनारायण की कथा के पहले दिन व्यासपीठ से उन्होंने यह आह्वान किया।

# सीएम यादव बस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों संग पहुंचे उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्यसंस्कृति स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या सीमित रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ एक ही बस में सवार होकर इंदौर से उज्जैन तक की यात्रा की। इस दौरान सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्था हेतु केवल तीन अन्य वाहन ही साथ रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सादगीपूर्ण प्रशासन, ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं पर चर्चा भी की।

# बॉयफ्रेंड संग होटल गई छात्रा ने गैंगरेप की झूटी-कहानी रची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शिप्रा थाने में गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली नाबालिग छात्रा ने झूठी कहानी रची थी। पुलिस जांच में सामने आया कि वह अपनी सौतेली मां से परेशान थी। बॉयफ्रेंड के साथ घूमने जाने के बाद देर रात घर लौटने के डर से उसने अपहरण और गैंगरेप की झूठी कहानी बता दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें सीसीटीवी फुटेज में छात्रा अपने बॉयफ्रेंड के साथ जाती दिखाई दी। पुलिस ने उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही रेप के धाराओं केस दर्ज किया है। छात्रा ने सौतेली मां के डर के चलते पूरी कहानी रची थी। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि 16 वर्षीय छात्रा को बुधवार देर रात उसके परिजन शिप्रा थाने लेकर पहुंचे थे। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह मूसाखेड़ी इलाके में रहती है और बंगाली कॉलोनी में कोचिंग जाती है। कोचिंग से लौटते समय सिल्वर रंग की कार में सवार तीन युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। छात्रा ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ रेप किया। मामले को गंभीर मानते हुए इंदौर पुलिस से संपर्क किया गया। गुरुवार को पुलिस ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें छात्रा अंश नाम के युवक के साथ दिखाई दी।

## महाराजा कॉम्प्लेक्स में मिला कमर्शियल गैस सिलेंडरों का जखीरा

# इंदौर के बीचों-बीच अवैध गोदाम से 25 से ज्यादा सिलेंडर जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में रसोई गैस को लेकर सख्त नियमों और लगातार निगरानी के दावों के बीच नगर निगम की ही संपत्ति में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का बड़ा जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया।

गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने नगर निगम के कोठारी मार्केट स्थित महाराजा कॉम्प्लेक्स स्थित एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए वहां से 25 से ज्यादा कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए। खास बात यह रही कि दुकान पर अवैध कब्जा होने की जानकारी सामने आने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर ताला तोड़ कार्रवाई की।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गोदाम भोला नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुकान में बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर रखे गए हैं।

सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की तो अंदर बड़ी संख्या में कमर्शियल सिलेंडर भरे मिले। इसके बाद सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में 1 जून को भंडारे का आयोजन है। आशंका जताई जा रही है कि उसी आयोजन में उपयोग के लिए यह सिलेंडर यहां एकत्रित किए गए थे। हालांकि विभाग इस बात की भी जांच कर रहा है कि सिलेंडरों का भंडारण वैध अनुमति के तहत किया गया था या नहीं।

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के परिवहन व भंडारण को लेकर कड़े नियम लागू हैं, तब नगर निगम परिसर में ही इतने बड़े स्तर पर सिलेंडरों का जखीरा कैसे तैयार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहां किसी प्रकार की दुर्घटना या आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सूत्रों के मुताबिक जिस दुकान में सिलेंडर रखे गए थे, वहां लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। अब खाद्य विभाग और संबंधित एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि सिलेंडर कहां से लाए गए, उनका उपयोग किस उद्देश्य के लिए होना था और क्या इसके पीछे किसी संगठित अवैध गैस कारोबार का नेटवर्क सक्रिय है। फिलहाल विभाग ने सिलेंडरों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों की जांच के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर...

### शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले अवैध फ्लेक्स-होर्डिंग्स हटाए

उज्जैन। शहर की छवि एवं सुंदरता को धूमिल करने वाले अवैध फ्लेक्स, बैनर और होर्डिंग्स के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को व्यापक कार्रवाई की। निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से बिना अनुमति लगाए गए फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स हटाए गए।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में बिना अनुमति किसी भी प्रकार के फ्लेक्स, बैनर या होर्डिंग लगाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों एवं दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि प्रचार-प्रसार के नाम पर शहर की सुंदरता को नुकसान न पहुंचाएं। नगर निगम की टीम ने शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स हटाए। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों एवं अतिक्रमण गैंग प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में शासकीय संपत्तियों, बिजली पोल, डिवाइडर, रोटरी अथवा सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति फ्लेक्स, बैनर या होर्डिंग लगाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। नगर निगम प्रशासन के अनुसार अवैध प्रचार सामग्री हटाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्थायी अधिकारियों को दरकिनार कर संविदा को सौंपे महत्वपूर्ण दायित्व

**उज्जैन।** उज्जैन नगर निगम में एक बार फिर महत्वपूर्ण, योजना और वित्तीय अधिकार वाले पद पर संविदा अधिकारी की नियुक्ति ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के ह्यसंविदा कार्यपालन यंत्री पलाश शर्माह्न सहित दो सहायक यंत्रियों को प्रतिनियुक्ति पर नगर निगम के प्रकाश विभाग का कार्यपालन यंत्री बनाया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब नगर निगम में स्थायी इंजीनियरों और सहायक यंत्रियों की उपलब्धता को लेकर किसी बड़े संकट की स्थिति सामने नहीं आई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि सिंहस्थ से पहले आखिर स्थायी अधिकारियों को दरकिनार कर संविदा अधिकारी को महत्वपूर्ण दायित्व क्यों सौंपा गया।



# 4 हजार से अधिक भक्तों ने की स्वर्णगिरिराज जी की 11 किमी परिक्रमा

### अधिक मास के चलते महू से लेकर चिरमिया तक लगी 6 किलोमीटर लंबी कतार, जगह-जगह हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शुक्ल पक्ष की कमला एकादशी पर आयोजित श्री स्वर्णगिरिराज जी की मासिक परिक्रमा में नौतपा की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद भारी उत्साह देखने को मिला। अधिक मास होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 4 हजार के पार पहुंच गई। महू से लेकर स्वर्णगिरि पर्वत मुखारविंद ग्राम चारणमाला चिरमिया तक भक्तों की लगभग 6 किलोमीटर लंबी कतार नजर आई। 11 किलोमीटर की इस परिक्रमा में पुरुषों और महिलाओं के साथ बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

**संतों के सानिध्य में शंख ध्वनि के साथ शुरू हुई यात्रा**

आयोजन में अन्नपूर्णा आश्रम लसूड़िया के संत श्री सीताराम दास महाराज और इंदौर के पंडित श्री संतोष जोशी का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रातः 6 बजे श्री स्वर्णगिरिराज जी का अभिषेक और विशेष शृंगार किया गया। इसके बाद ध्वजारोहण, महाआरती और संत श्री के आशीर्वचन हुए। सुबह 10 बजे हाथों में धर्म ध्वजा थामे और शंख ध्वनि के बीच स्वर्णगिरी धाम से परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा वीर हनुमान मंदिर आक्याधागा, श्री राम बालाजी धाम महू और श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम पहुंचकर संपन्न हुई।

परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही बाहरी भक्तों ने भी जगह-जगह स्टॉल लगाकर फलाहार, जलपान और शीतल पेय की व्यवस्था की। महिदपुर सिटी हॉस्पिटल (एमसीएच) द्वारा स्वर्णगिरी मुखारविंद पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यहां परिक्रमार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन ने चलित वाहन के माध्यम से पूरे मार्ग में आरओ वाटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। इस भव्य आयोजन में अभिषेक, ध्वजारोहण और विशाल भंडारे के लाभार्थी ग्राम ब्रजराजखेड़ी निवासी दिलीप आंजना रहे।

# उज्जैन निवास पर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन, सीएम बोले- संतों की सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध

### रीवा घटना की जांच के लिए बनेगी विशेष कमेटी, मुख्यमंत्री ने जैन समाज को दिया आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रीवा में दो आर्यिका माताओं के साथ हुई दुर्घटना के विरोध में सकल जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर संत सुरक्षा अधिनियम पारित करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मामले में विशेष जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया है।

मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मामले से पूरी तरह अवगत थे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से गंभीरता से चर्चा करते हुए कहा कि इस घटना की जांच के लिए एक विशेष कमेटी बनाई जाएगी। शासन स्तर पर साधु-संतों की सुरक्षा और मदद के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे, जिसकी जानकारी जल्द ही दी जाएगी। ज्ञापन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने समाज को आश्वस्त किया कि वे सकल जैन समाज के साथ हैं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी और सरकार संतों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला, संजय मारू, ललित सेठी, धर्मेंद्र सेठी, अनिल कासलीवाल, अधिवक्ता राहुल जैन, कमल जैन मैत्री, हितेश सेठी, प्रसन्न बिलाला और दीप्ति गंगवाल सहित कई समाजसेवी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि रीवा की घटना के विरोध में 25 मई को उज्जैन सहित देशभर में जैन समाज द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे गए थे। उज्जैन में भी जैन धर्म के विविध पंथों के आचार्य, मुनि और आर्यिका माताओं ने एक मंच पर आकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया था। इस दौरान पूर्व मंत्री, विधायक, पार्षदों सहित समाज के सभी वर्गों और संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर अपनी बात रखी थी।

### प्रचलित सभी परियोजनाओं में दीर्घकालिक ट्रैफिक प्लान तैयार करें-संभागायुक्त श्री सिंह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत उज्जैन शहर में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं अधोसंरचना संबंधी कार्य तीव्र गति से प्रगतिरत है। इसी क्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए हरि फाटक ब्रिज निर्माण कार्य और अंडरपास निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं को भविष्य में बेहतर एवं निर्बाध आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके।

सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागार में ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति एवं समन्वय की समीक्षा के लिए बुधवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला मेला अधिकारी आशीष सिंह द्वारा संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरि फाटक ब्रिज, प्रस्तावित अंडरपास तथा वाकणकर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इन सभी परियोजनाओं को आपस में समन्वित करते हुए एक सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालिक ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए, ताकि सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को किसी भी प्रकार की ट्रैफिक जाम अथवा आवागमन संबंधी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में शामिल हुए सीएम डॉ. मोहन यादव

### उज्जैन में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग में 200 से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता, ईवी मिनी ट्रेवलर से पहुंचे मुख्यमंत्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को राजाराम रिसॉर्ट में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। प्रशिक्षण वर्ग में लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ईवी मिनी ट्रेवलर से उज्जैन पहुंचे। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में मितव्ययिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर लगातार जोर देते हैं। उसी प्रेरणा से उन्होंने ईवी वाहन से यात्रा का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा आज समय की आवश्यकता है और हर स्तर पर इसके लिए उदाहरण प्रस्तुत करने होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए है क्योंकि उसके कार्यकर्ता विचारधारा से जुड़े हुए हैं और जनसेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा, जनसंपर्क और कार्यपद्धति का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा पार्टी ध्वज फहराकर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मंचासीन अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार प्रशिक्षण वर्ग में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। उद्घाटन सत्र को भाजपा नगर अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज ने संबोधित किया। प्रथम सत्र में विधायक आशीष शर्मा ने स्थानीय कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन एवं आईटी विषय पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह ने ह्यहमारा इतिहास एवं विकासह्न विषय पर विचार रखे। तृतीय सत्र में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गरीब कल्याण योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर संबोधित किया। चतुर्थ सत्र में पंकज चतुर्वेदी एवं सोमेश पालीवाल ने सोशल मीडिया, मीडिया एवं एआई विषय पर जानकारी दी। पंचम सत्र में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कार्य विस्तार विषय पर संबोधित किया। षष्ठम सत्र में अशोक अधिकारी ने व्यावहारिक सत्र का संचालन किया। सप्तम सत्र में कान्हसिंह ने कार्यकर्ता विकास, संभाल एवं अपेक्षाओं पर मार्गदर्शन दिया।

अष्टम सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की उपलब्धियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधोसंरचना विकास के साथ-साथ पर्यावरण, नदी संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में भी कार्य किया है।

उन्होंने उज्जैन की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार विश्व में सात सागर हैं, उसी प्रकार उज्जैन में भी सात सागर हैं। यहां 84 महादेव और चार द्वारपालों की परंपरा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जुड़ी हुई है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में सीए सिद्धार्थ अग्रवाल दो प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स से सम्मानित

**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सक्रिय सदस्य लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल को इंदौर में आयोजित मल्टीपल काउंसिल अधिवेशन में दो बड़े और प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वितीय अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष लायन मनोज शाह और मल्टीपल काउंसिल अध्यक्ष लायन मनीष शाह ने सिद्धार्थ अग्रवाल को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और वक्तव्य कला के लिए च्बेस्ट पब्लिक स्पीकिंगज (सर्वश्रेष्ठ वक्ता) और च्बेस्ट नॉलेजेबल लायनज (सर्वश्रेष्ठ जानकार) के अवॉर्ड प्रदान किए। इस बहुप्रांत 3233 के अंतर्गत 800 से अधिक क्लबों के 25 हजार से ज्यादा सदस्य आते हैं, जिसके बीच यह सम्मान मिलना गौरव की बात है। समारोह में लायंस इंटरनेशनल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व गवर्नर उपस्थित थे। सीए सिद्धार्थ अग्रवाल की इस बड़ी उपलब्धि पर क्लब के अध्यक्ष संजय पारिख सहित पूरी कार्यकारिणी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। गौरतलब है कि वह पिछले वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं और लगातार कई सामाजिक सेवा कार्यों का संचालन कर रहे हैं।

### महाकाल के दर्शन के लिए हरसिद्धि चौराहे से भी मिलेगी एंट्री

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में अब सामान्य दर्शनार्थियों के लिए हरसिद्धि चौराहा से भी सुविधा का नया सफर शुरू हो गया है। मंदिर प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए यहां नया एंट्री गेट बना दिया है। इस व्यवस्था से मार्ग पर होने वाला अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, वाहनों की आवाजाही तथा भिक्षुकों की समस्या समाप्त हो गई है, अब यह रास्ता पैदल दर्शनार्थियों के लिए अधिक सुरक्षित और सुगम बन गया है।

# प्रतिमा पर माल्यार्पण ही नहीं सावरकर के विचारों को अपनाना है सच्ची श्रद्धांजलि

### मुनिनगर में महाराष्ट्र समाज ने मनाई जयंती, युवाओं से राष्ट्रभक्ति व त्याग से प्रेरणा लेने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



क्रांतिकारी और प्रखर विचारक स्वातंत्र्य वीर सावरकर की जयंती पर गुरुवार को महाराष्ट्र समाज द्वारा मुनिनगर दो तालाब स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं से सावरकर के जीवन चरित्र और उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मराठी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्रेयस कवड़े ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि किसी भी महापुरुष को श्रद्धांजलि केवल उनकी प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण करने मात्र से नहीं दी जा सकती। इसके लिए उनके विचारों और सिद्धांतों को अपने आचरण व जीवन में उतारना आवश्यक है। उन्होंने वीर सावरकर के राष्ट्रभक्ति, त्याग और संघर्षमय जीवन को आज के युवाओं के लिए बड़ा प्रेरणास्त्रोत बताया।

दिलीप जोशी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे, समाज अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजश्री जोशी, अशोक गुलजकर, सदाशिव नायगांवकर, रविंद्र वी. मुले, मिलिंद पन्हालकर, प्रदीप जोग, यशवंत तिलगुलकर, निलेश नेमावरकर, सुचित्रा केतकर, अजय भातखंडे और सुरेश चिपलूनकर सहित कई समाजजनों ने वीर सावरकर को पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में आभार प्रदर्शन दिलीप जोशी ने किया।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित स्वचालित दस्तावेज खोज और वैधता समाप्ति अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नागरिक सेवाओं के लोक-कल्याणकारी एवं डिजिटल रूपांतरण की दिशा में एक युगांतरकारी नवाचार करते हुए एमपी लॉकर ऐप को राज्य स्तरीय डिजिटल दस्तावेज प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया गया है। यह प्रयास डिजिटल गवर्नेंस एवं पेपर लेस एडमिनिस्ट्रेशन के संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की एक उल्लेखनीय और अभूतपूर्व उपलब्धि बनकर उभरा है। इससे प्रदेश के नागरिकों को अपने महत्वपूर्ण शासकीय अभिलेखों व प्रमाण-पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल कवच प्राप्त हुआ है। यह ऐप गुगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

एमपी लॉकर ऐप से राज्य के नागरिक अपने महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों- जैसे विभिन्न प्रमाण-पत्र, अनुज्ञप्ति (लाइसेंस), अनापत्ति प्रमाण-पत्र कर रसीदें एवं अन्य विधिक प्रलेखों को कभी भी और कहीं से भी सुरक्षित रूप से प्राप्त, संचयित एवं साझा कर सकते हैं। वर्तमान में इस अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म पर ीठढ, अइढअर एवं भोपाल नगर निगम से संबंधित 22 से अधिक नागरिक केंद्रित सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हैं। इनमें मुख्य रूप से संपत्ति कर रसीद, जल कर रसीद, व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस), अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) तथा संपत्ति नामांतरण जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाएं समाहित हैं।

# जनगणना में जाति व रोजगार की सटीक जानकारी देकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें

### अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की आमजन से अपील, जो गिना जाएगा वही सुना जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने नागरिकों से आगामी राष्ट्रीय जनगणना में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जनगणना केवल महिलाओं और पुरुषों की गिनती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जातिगत वर्ग, धर्म और रोजगार के आंकड़ों का भी महत्वपूर्ण संग्रह है। राष्ट्र के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को जनगणना अधिकारियों को सही जानकारी देकर अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

सांखला ने कहा कि भारत की जनगणना राष्ट्र के भविष्य की नींव है। इसी डेटा के आधार पर सरकार की योजनाएं, बजट, विकास कार्य और सामाजिक न्याय की दिशा तय होती है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि जब जनगणना कर्मी उनके घर आएं, तो उन्हें अपनी जाति, शिक्षा, रोजगार और आवास से जुड़ी हर जानकारी सत्य और पूरी दें। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपने परिवार और मोहल्ले में भी जनगणना के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

उन्होंने जो गिना जाएगा वही सुना जाएगा का नारा देते हुए जोर दिया कि पिछड़ा वर्ग, माली-सैनी-कुशवाहा समाज और सभी वंचित वर्गों की सही गिनती होने पर ही उन्हें उनका वाजिब हक और सम्मान मिल सकेगा। सांखला ने इसे महज एक सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण, समाज के उत्थान और भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए एक आवश्यक कर्तव्य बताया है।

# स्नान के लिए आ सकता है नर्मदा जल तो उज्जैनवासियों के पीने के लिए क्यों नहीं

### नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने भाजपा बोर्ड पर साधा निशाना, शहर में गहराया पेयजल संकट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में गहराते जल संकट को लेकर नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने नगर निगम के भाजपा बोर्ड पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब स्नान पर्वों के लिए नर्मदा का पानी उज्जैन लाया जा सकता है, तो शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए इसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। राय ने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी में 24 घंटे जल प्रदाय का वादा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है और जनता पानी के लिए परेशान है।

**कागजों पर सिमटा जल प्रदाय, टंकियां आधी भी नहीं भर रहीं**

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि नगर निगम द्वारा किया जा रहा प्रतिदिन का जल प्रदाय बिना प्रेशर के हो रहा है और यह केवल कागजों तक ही सीमित है। असल में शहर की पेयजल आवश्यकता का मात्र 30 प्रतिशत पानी ही जनता को दिया जा रहा है। जल प्रदाय तंत्र की स्थिति यह है कि शहर की टंकियां प्रतिदिन 50 प्रतिशत भी नहीं भर पा रही हैं। कई टंकियां तो एक-दो दिन छोड़कर ही खाली रह जाती हैं। गर्मी के कारण नगर निगम के हैंडपंप और बोरिंग भी सूखने लगे हैं या रुक-रुक कर पानी दे रहे हैं। इसके बावजूद नगर निगम का भाजपा बोर्ड शहर में जल संकट की बात मानने को तैयार नहीं है।

**बंद पड़े क्षिप्रा प्लांट से हो सकती है आपूर्ति**

रवि राय ने बताया कि बंद पड़े क्षिप्रा प्लांट तक नर्मदा जल लाकर शहर में पानी की सुचारू आपूर्ति की जा सकती है। उन्होंने जानकारी दी कि साल 2014 में ही नर्मदा का पानी उज्जैन आ गया था। इसके बाद 2020-21 से प्लांट तक पाइप लाइन डालने का काम भी प्रारंभ हो चुका था। इसके बावजूद पेयजल के लिए नर्मदा जल का उपयोग न करना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### समाज ने उज्जैन - बड़नगर नेशनल हाईवे पर चार बीघा जमीन खरीदी

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की साधारण सभा में डीपी भाईजी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर



सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज बडनगर की साधारण सभा की बैठक डायवर्शन मार्ग बड़नगर स्थित शंकर बावड़ी परिसर में समाज के अध्यक्ष भेरूलाल पटेल ब्राह्मण बरोदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने डीपी भाईजी के कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए एक मत से उनके नाम पर सहमति जता निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित किया ।

प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा आराध्यदेव भगवान गोविन्द माधव व भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । ततपश्चात संस्था के सचिव मनीष पंडया ने वार्षिक आय व्यय पत्रक पेश किया ।तदुपरांत सुभाष पंडया शिक्षक द्वारा स्वागत भाषण देकर सभा की शुरूआत की गई। जिसमें समाज सुधार में अपना पक्ष रखने वाले पूर्व अध्यक्षगण करणसिंह पंडया , बद्रीलाल रावल ,रमेशचंद्र पंड्या ,मोहनलाल त्रिवेदी , नवलसिंह पटेल ,रमेशचंद्र शर्मा ,भूपेंद्रसिंह पंड्या , अतुल पलवा , प्रेमचंद द्वितीय ,रामेश्वर व्यास , दशरथसिंह पंड्या ,बद्रीलाल आचार्य , गणेश रावल ,रामप्रसाद पंडया , मधुसूदन भारद्वाज,घनश्याम पाठक ,अनिल पंडया अम्बालिया ,अंतरसिंह पंडया सोहड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डीपी भाईजी ने एक लाख ग्यारह हजार रु , मनीष पिता करणसिंह पंड्या ने एक लाख रूपए, भारद्वाज परिवार रावदिया पीर द्वारा दो लाख रुपए ,एक लाख रु पूर्व अध्यक्ष नवलसिंह पंड्या ,51 हजार रु श्रवण शर्मा शिक्षक मुंडत ,51 हजार रु अनिल पंड्या अंबलिया ,51 हजार रु महेश पंड्या दौलतपुर ने समाज की नवीन भूमि क्रय करने के लिए दान स्वरूप देने की घोषणा की ।

## बिना अनुमति विज्ञापन फ्लेक्स चस्पा करने पर आनंदम नेत्रालय पर 10 हजार का जुमार्ना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम के सार्वजनिक मूत्रालय पर बिना अनुमति विज्ञापन फ्लेक्स चस्पा करने पर स्वास्थ्य विभाग ने सुभाष नगर दो तालाब स्थित आनंदम नेत्रालय पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के समस्त सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालयों की सफाई का कार्य किया जा रहा था। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संजेश गुप्ता ने घास मंडी मजदूर चौराहा स्थित निगम के सार्वजनिक मूत्रालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आनंदम नेत्रालय, सुभाष नगर दो तालाब द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए मूत्रालय की दीवार पर बिना अनुमति विज्ञापन फ्लेक्स चस्पा किए गए थे। मामले को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर उपायुक्त संजेश गुप्ता ने आनंदम नेत्रालय पहुंचकर 10 हजार रुपये का चालान काटा। शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय, सुलभ शौचालय एवं मूत्रालय पर सफाई की जांच होगी। यदि कहीं भी बैनर, पोस्टर या विज्ञापन लगे मिले तो संबंधित संस्थान के पते पर पहुंचकर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाए।

## खबर एक नजर...

### भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र पर भाजपा की बैठक संपन्न

**बड़नगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 2 डॉ. भीमराव अंबेडकर की मासिक बैठक 27 मई बुधवार को भाजयुमो अध्यक्ष अंकित पाटोदी के निवास पर संपन्न हुई।

बैठक में प्रत्येक बूथ पर मन की बात सुनी जाए और संगठन ऐप पर अपलोड की जाए, बूथ की बैठक, बूथ समिति शक्ति केंद्र मजबूतीकरण की चर्चा हुई । बैठक में भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा सोनी नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, जितेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष अंकित दवे बूथ अध्यक्ष दीपक, हर्षित चंदावलीया , अश्विन वेद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी बूथ अध्यक्ष आईटी प्रभारी विनय बादशाह ने दी ।

### ईद-उल-अजहा पर बड़नगर ईदगाह में सौहार्दपूर्ण आयोजन, कांग्रेस नेताओं ने दिया भाईचारे का संदेश

**बड़नगर।** प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाले पावन पर्व ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर आज बड़नगर ईदगाह में सौहार्दपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बड़नगर के साथियों द्वारा जनाब नसीरुद्दीन साहब का साफा बांधकर इस्तकबाल किया गया तथा सभी प्रदेशवासियों एवं बड़नगर वासियों को ईद की दिली मुबारकबाद पेश की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रईस कुरैशी, प्रदेश महासचिव सेवा दल कांग्रेस अनिल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि तरुण आचार्य, जिला कांग्रेस सचिव अमजद खान, पूर्व पार्षद चांद खा, गुलरेज मंसूरी, मोहम्मद शाहिक, इमरान मिर्जा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में अमन, शांति व आपसी भाईचारे की कामना की।

### डॉक्टर छगनलाल बागड़ी का निधन

नीमच। लखेरा समाज के पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं समाज के आधार स्तंभ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉक्टर छगनलाल बागड़ी निवासी नीमच सिटी का 100 वर्ष की आयु में एकादशी बुधवार 27 मई को शाम 5 बजे पुखराज अस्पताल में उपचार के दौरान देवलोक गमन हो गया है। शव यात्रा गुरुवार 28 मई को सुबह 11 बजे निज निवास नीमच सिटी से नीमच सिटी मुक्तिधाम के लिए निकली।स्वर्गीय छगनलाल बागड़ी, लखेरा समाज नीमच के सचिव सुरेश चंद, कैलाश ,कृष्णकांत के पिता, बृजेश मुकेश कमल , कुलदीप के दादाजी, श्रेयांश राजवीर दर्शील निहित के पड दादाजी थे।स्वर्गीय छगनलाल बागड़ी ने 1951 में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रारंभ की और 1985 में 34 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए थे।डॉक्टर साहब का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। समाज के उत्थान, मंदिर निर्माण एवं धार्मिक आयोजनों में आपका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहा है।

# मा.शि.मं. द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का प्रारंभ आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय, रतलाम स्थित मूल्यांकन केंद्र पर किया गया।

प्रथम चरण में हाई स्कूल के हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान तथा हायर सेकेंडरी के हिंदी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ हुआ। मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व मूल्यांकन केंद्र अधिकारी द्वारा समस्त मूल्यांकनकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक मूल्यांकन अधिकारी माया मौर्या, विशेष मूल्यांकन अधिकारी डॉ. ललित मेहता, श्री शरद शर्मा एवं श्रीमती प्रेमलता व्यास उपस्थित रहे।

मूल्यांकन अधिकारी श्री कुमावत ने सभी मूल्यांकनकताओं को मंडल के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए मुख्य परीक्षक, उपमुख्य परीक्षक एवं सुपरवाइजर के दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता प्रतिदिन न्यूनतम 45 एवं अधिकतम 60 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। साथ ही मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने तक किसी भी परीक्षक को केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने पर विशेष बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। मूल्यांकन केंद्र पर मोबाइल फोन लाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

इस दौरान प्रेक्षक डॉ. ए.के. मिश्रा, प्राचार्य शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम द्वारा मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी मूल्यांकन कर्ताओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मूल्यांकन कार्य के प्रथम दिवस कुल 155 मूल्यांकनकर्ता उपस्थित रहे तथा लगभग तीन हजार उत्तर पुस्तिकाओं का सफलता पूर्वक मूल्यांकन किया गया।

## बीएलओ को छह माह बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रतलाम जिले में एसआईआर सर्वे का कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएल ओ) को छह माह बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। इसे लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपकर शीघ्र भुगतान की माँग की है।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रतलाम जिले के समस्त बीएलओ को एसआईआर सर्वे का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया था। इस आदेश के परिपालन में सभी बीएलओ ने दिन-रात मेहनत करके समय अवधि के भीतर कार्य को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न किया था।

अत्यंत खेद का विषय है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण हुए लगभग 6 माह का समय बीत चुका है, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिनांक तक संबंधित बीएलओ को उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

### पदाधिकारियों ने की खाते में राशि जमा करने की माँग

बीएलओ के हक की आवाज उठाते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री बद्रीलाल मडोतिया, जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, सचिव जितेंद्र सिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल छाबड़ा एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया है कि सभी बीएलओ का रुका हुआ मानदेय तत्काल उनके बैंक खातों में जमा कराया जाए।

इस संबंध में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर, जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान जिला संगठन मंत्री लाल मलोटिया सदस्य संजय द्विवेदी, संजय ज किए जाने की पुरजोर माँग की है।

## रतलाम पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद स्वरूप सोनी के मार्गदर्शन में जिले में लगातार यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इसी क्रम में आज दिनांक 27 मई को 21वीं बटालियन एनसीसी ट्रेनिंग कैंप में यातायात जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में यातायात पुलिस रतलाम के सूबेदार श्री अनोखीलाल परमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार के दौरान कैडेट्स को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल एवं संकेतकों का पालन करने तथा सड़क पर अनुशासित व्यवहार रखने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में लगभग ४०० एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कैडेट्स को यातायात नियमों का स्वयं पालन करने एवं समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। रतलाम पुलिस द्वारा भविष्य में भी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## दो सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई

मन्दसौर। जिले में दो सड़क हादसों में दो लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी बस क्र. एमपी 14 पी 07422 के चालक के खिलाफ सीतामऊ थाने पर व शामगढ़ थाने पर आरोपी ट्रक क्र. आरजे 52 जीए 2569 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। सड़क हादसा जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के कयामपुर सुवासरा रोड़ ग्राम रहीमगढ़ पर 25 मई को आरोपी बस के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलकर एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसायकल पर सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इसी प्रकार एक अन्य हादसा शामगढ़ थाना क्षेत्र शामगढ़ सुवासरा रोड़ पर ग्राम बलाई खेड़ा पर ट्रक के चालक ने विष्णु (45) पिता रतनलाल जाति बलाई निवासी टकरावद की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मृतक विष्णु को चोट लगने पर उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इन दोनों प्रकरणों में आरोपी के खिलाफ संबंधित थाने पर बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## एसडीएम ने किया अस्पतालों व होटलों का औचक निरीक्षण

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार बुधवार को एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना के नेतृत्व में मनासा नगर के निजी चिकित्सालयों, होटलों एवं शॉपिंग मॉल का औचक निरीक्षण किया गया। जांच दल में तहसीलदार, सीएमओ, विद्युत सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी व नगर परिषद के अधिकारी शामिल रहे। एसडीएम सुश्री किरण ने उत्तर जानकारी देते हुए बताया कि जांच दल द्वारा गणपत होटल में अस्वच्छता व गंदगी मिलने पर मावे का सैंपल लेकर होटल सील किया गया। बालू होटल में बिना लाइसेंस मावा निर्माण पर 5100 रुपये का स्पॉट फाइन कर परिसर सील किया गया। गांधी सुपर स्टोर मार्ट में एक्सपायरी फायर उपकरण मिले, जिन्हें बदलने के निर्देश दिए। तुलसी किरण मार्ट में एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट की गई।

## कांग्रेस वरिष्ठ नेता अनिल शुक्ला का निधन

नीमच। रतलाम जिले के ताल के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। यह समाचार जानकर ताल नगर सहित क्षेत्र मे शोक व्याप्त हो गया। गुरुवार को उनके ताल स्थित निवास से निकली अंतिम यात्रा मे समाज जनों, गणमान्य नगर वासियो सहित बड़ी संख्या मे लोग सम्मिलित हुए। पूरे मार्ग मे जगह जगह लोगों, संस्थाओ ने पार्थिव देह को पुष्पांजलि अर्पित की गई।चंबल किनारे मुक्तिधाम पर पार्थिव शरीर को उनके पुत्र पंकज शुक्ला एवं परिवार के सदस्यों के साथ मुखाग्नि दी। ताल मे नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे कांग्रेस पार्टी में ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहकर जन सेवा में अग्रणी रहे स्व श्री शुक्ला को सम्मिलित सभी लोगों ने यहाँ शोक सभा मे श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## मनासा में गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प, भव्य गंगा आरती

नीमच। जिले के ?मनासा मे प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'जल संवर्धन अभियान' के तहत, नगर परिषद मनासा द्वारा 26 मई को राम तलाई पर गंगा दशहरा पर्व का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर जहां एक ओर गंगा आरती की दिव्य छटा बिखरी, वहीं दूसरी ओर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया ?जल है तो कल है? विधायक अनिरुद्ध माधव मारूकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनासा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने जल की महत्ता पर प्रकाश डाला

### वीर सावरकर जयंती पर टीबी मरीजों को बांटी पोषण किट

**मन्दसौर।** महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की जन्म जयंती के अवसर पर मजदूर कल्याण समिति जिला मंदसौर द्वारा वीर सावरकर पुलिया पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन दिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए श्टीबी मुक्त अभियानश के अंतर्गत मरीजों को फूड बास्केट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब के संरक्षक ब्रजेश जोशी, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, भाजपा नेता अजयसिंह चौहान, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद भावना पमनानी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 60 किग्रा डोड़ाचूरा के साथ राजस्थान के दो आरोपि गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



वायडी नगर थाना पुलिस टीम ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा, एक बोलेरो जीप और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर वायडी नगर पुलिस टीम ने महू-नीमच हाईवे फोरलेन मार्ग पर घेराबंदी कर नाकाबंदी की । इसी दौरान एक संदिग्ध ग्रे-मेहंदी रंग की महिंद्रा बोलेरो जीप क्र. एमपी 11 बीई 0552 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया ।

जीप रुकते ही उसमें सवार दो बदमाशों ने उतरकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया । पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के बालोतरा जिले के मण्डली थाना अंतर्गत कोरना निवासी दो सगे भाइयों, हीरसिंह (31 वर्ष) और बाबूसिंह (28 वर्ष), पिता हड़मानसिंह राज पुरोहित के रूप में हुई है । पुलिस द्वारा जब उनकी बोलेरो जीप की तलाशी ली गई, तो पीछे वाली सीट पर काले रंग के तीन प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 60 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ था ।

जब्त किए गए डोडाचूरा की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रु. आंकी गई है । पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है ।

### माता-पिता से बिछड़ी 3 वर्षीय बालिका , डायल-112 ने मिलाया

नीमच। जिले के थाना नीमच सिटी क्षेत्र अंतर्गत जैतपुरा बालाजी मंदिर के पास रेस्टोरेंट में एक 3 वर्षीय बच्ची मिली है, जो परिजन का साथ छूटने से रास्ता भटक गयी। सूचना प्राप्ति पर तत्काल नीमच सिटी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। सउनि अशोक मोड पायलेट तरुण राठौर ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण में लिया, जवानों ने रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरा में देखा तो पता चला की बच्ची के परिजन यात्रा कर रहे थे

## खबर एक नजर...

### सदभावना मंच ने चाचा नेहरू की पुण्यतिथि पर नमन किया

खंडवा।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर सद्भावना मंच कार्यालय में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल के अनुसार इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण,लोकतंत्र की मजबूती और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के कारण उन्हें च्चाचा नेहरूज्ज के नाम से भी जाना जाता है।इस स्मरण सभा में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,कैलाश शर्मा,गणेश भावसार,अपूर्व शर्मा,राधेश्याम शाक्य,त्रिलोक चौधरी,कमल नागपाल,निर्मल मंगवानी,अर्जुन बुंदेला और सुभाष मीणा आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया।

### बाहेती 8 वी बार बहु प्रांतीय लायन्स मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

**खण्डवा।** लायन्स इंटरनेशनल मल्टीपल 3233 सी से मिलकर बनी है जिसमे राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ शामिल है। इस मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट की मल्टीपल कांफ्रेंस इंदौर के मनमोहन मेहता सभागृह में सम्पन्न हुई। लायन नारायण बाहेती खण्डवा को बहु प्रांतीय डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ लायन्स पिन कलेक्शन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल गेट एरिया वाइस लीडर कुलभूषण मित्तल के मार्गदर्शन में इंदौर में आयोजित कांफ्रेंस में मल्टीपल के मल्टीपल काउंसिल चेयरमेन लायन मनीष शाह अतिथि के रूप में लायन्स इंटरनेशनल के वाइस प्रेसिडेंट इंडोसी मनोज शाह अफ्रीका ,पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर कमलेश जैन ,राजू मनवानी,विनोद लड़िया,सभी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर हमारी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर अनिल खण्डेलवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जय प्रकाश त्रिपाठी व राम जाट व पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स के आतिथ्य में आयोजित कांफ्रेंस में मल्टीपल के 955 क्लबो के1800 से अधिक मल्टीपल व विभिन्न प्रान्तों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लायन नारायण बाहेती को बहु प्रंतीय मल्टीपल का सर्वश्रेष्ठ लायन्स पिन कलेक्शन अवार्ड प्रदान किया गया।

### नितेश सुराणा जिला सेवादल अध्यक्ष बने

**जावरा ।** क्षेत्र के युवा अभिभाषक नितेश सुराणा को रतलाम जिला सेवा दल का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से युवाओं में हर्ष व्याप्त होकर अभिभाषको ने नियुक्ति पर पुष्प मालाओं से स्वागत कर सुराणा का सम्मान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ,कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की अनुशंसा एवं प्रदेश कांग्रेस जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत की सहमति से सुराणा जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए । जिला अध्यक्ष सुराणा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा दल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया ।सुराणा को मनोनीत होने पर जिले के कई इष्ट मित्रों एवं कांग्रेस साथियों ने बधाई दी।

### 31 मई को बड़वानी में निकलेगी जिला स्तरीय जनजागरण यात्रा

**बड़वानी ।** बड़वानी जिले में व्यसन से बचो, सृजन में लगाओ अभियान के तहत 24 मई से व्यसन मुक्ति सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान बड़वानी कलेक्टर जयंती सिंह के निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हो रहा है। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक श्री लखन विश्वकर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक श्री रौनक सोलंकी ने बताया कि सप्ताहभर जिले की विभिन्न तहसीलों में जनजागरण, संपर्क अभियान, संकल्प सभाएँ, मानव श्रृंखला, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताएँ, नुक्कड़ नाटक तथा व्यसन मुक्ति से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# बड़वानी कलेक्टर जयति सिंह ने विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी**

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी। में साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक संपन्न हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के निराकरण और बुनियादी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। लोअर गोई परियोजना का पानी आमल्यापानी तक पहुँच चुका है, और मात्र 18 किलोमीटर का कार्य शेष बचा है, जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, इंदिरा सागर का पानी भी उपलब्ध हो चुका है। जल स्तर में आ रही गिरावट को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि जहाँ हैंडपंपों में पाइप बढ़ाने या मोटर/बोर डालने की आवश्यकता हो, वहाँ तत्काल उचित कार्रवाई की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे निजी नलकूपों का अधिग्रहण कर पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्रत्येक पंचायत में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कुओं, नल-जल योजनाओं और हैंडपंपों की नियमित जाँच की जाएगी। नगर पालिका को भी जल प्रदाय हेतु आवश्यकतानुसार निजी सोर्स का उपयोग करने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त, एमपीईबी, सिंचाई विभाग और ॅत्क को आपसी समन्वय बनाकर तालाबों से पानी छोड़ने तथा आवश्यकता पड़ने पर डच्म्ठ को ट्रांसफार्मर की तत्काल व्यवस्था करने हेतु पाबंद किया गया है।

कृषि विभाग को खाद वितरण की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को खाद वितरण में देरी न हो, इसके लिए तुरंत ई-टोकन व्यवस्था और श्फार्मर आईडीश बनाकर उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। मिर्च के बीजों की उपलब्धता और किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया जाए। साथ ही, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की उपलब्धियों में प्रगति लाने को कहा गया है। राजस्व विभाग के अंतर्गत स्वामित्व योजना के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुधारने के तहत ६७ भवनों में शौचालयों का कार्य पूरा करने तथा अधूरे पड़े क्रियाशील शौचालयों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे विशेष शिविर लगाकर टी.बी. का शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें; जहाँ मशीनों की कमी होगी, वहाँ प्रशासन मशीनें उपलब्ध कराएगा। सिकलसेल से पीड़ित पाए गए लोगों के उपचार हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। श्रम विभाग को संबल योजना के प्राप्त आवेदनों तथा सामाजिक न्याय विभाग को दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य कार्ड और विधवा पेंशन के मामलों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के आवेदकों की त्वरित जाँच कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत नवनिर्मित भवनों का उपयोग शुरू करते हुए उनमें सिलाई, वेल्डिंग, डिजिटल सेवाएँ आदि मशीनें स्थापित कर रोजगारोन्मुखी गतिविधियाँ प्रारंभ की जाए। मुगीर्पालन के लिए भी एक बेहतर बैकअप प्लान तैयार कर उसका उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, रोजगार मेले के माध्यम से चयनित या आने वाली कंपनियों द्वारा युवाओं को दिए जाने वाले पदों पर भर्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि सभी खाली पद भरे जा सकें।

### 16 जून से शुरू होगा मूकबधिर-अंध विद्यालय का नया शिक्षण सत्र

**बुरहानपुर।** जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क संचालित मूकबधिर-अंध विद्यालय का वर्ष 2026-27 का शिक्षण सत्र 16 जून 2926 से प्रारंभ होगा। ट्रस्ट की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। विद्यालय 1994 से लगातार दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है।

ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने बताया कि विगत लगभग 31 वर्षों से संचालित इस शाला से कई दिव्यांग छात्र-छात्राएं पढ़-लिखकर समाज और विभिन्न विभागों में कार्यरत होकर देश के उत्थान में सहायक बन रहे हैं।

## बुरहानपुर में हत्या केस का सनसनीखेज मोड़ः जिस युवती की हत्या के आरोप में पिता और भाई जेल में बंद हैं, वह अचानक जिंदा लौटी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर**

जिस युवती की हत्या के आरोप में पिता और भाई जेल में बंद हैं, वह अचानक जिंदा लौट आई। शिवानी ने 27 मई की रात बुरहानपुर जिले के खकनार थाने पहुंचकर पुलिस से कहा, च्साहब, मैं जिंदा हूं, मेरे पिता और भाई को छोड़ दीजिए। इस खुलासे ने हत्या के केस को पूरी तरह पलट दिया।

खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने बताया कि शिवानी २४ अप्रैल को लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर १ मई को खकनार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पता चला कि क्षेत्र का ही एक युवक अर्जुन भी लापता है। दोनों के साथ रहने की जानकारी सामने आई। अर्जुन की गुमशुदगी 9 मई को दर्ज की गई थी।

इसी दौरान महाराष्ट्र के जलगांव जामोद क्षेत्र में एक युवती की सिर कटी और जली हुई लाश मिली, जिसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। सीसीटीएनएस पर दर्ज गुमशुदगी के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस बुरहानपुर पहुंची।

खकनार पुलिस से जानकारी लेने के बाद उस अज्ञात शव को शिवानी मान लिया गया। इसके बाद शिवानी के पिता बापूराव और भाई अजय को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर बुलढाणा जेल भेज दिया गया। मामले ने तब नया मोड़ लिया जब शिवानी को पता चला कि उसके पिता और भाई उसकी हत्या के आरोप में जेल में हैं।

### 30 को वृद्धजन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नीमच।** जिला चिकित्सालय, नीमच द्वारा 30 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेड क्रॉस सभागार में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों की निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार किया जाएगा तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाएगा।

## 222 पेटी बीयर लूट कांड का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा



### 6 आरोपीयो से लूट का 13 लाख 40 हजार का माल किया बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बडवानी**

दिनांक 27 मई को फरियादी ने थाना आकर बताया की इन्दौर से पाटी उसकी बोलेरो पीकप गाड़ी में परमिट की 222 पेटी बीयर शराब लेकर जा रहा था। रास्ते में पाटी नाका के आगे मोटर सायकल से आये अज्ञात युवको के द्वारा उसे रोक कर डरा धमका कर साथ ले जाकर बावनगजा पहाड़ियो तरफ उसकी बोलेरो पीकप व उसमें भरी बीयर शराब को छिनकर फरियादी व उसके साथी को जगंल में देर रात छोड़ दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 309(4) क्नहस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपीयो के द्वारा देर रात किये गये सनसनीखेज घटनाक्रम को कोतवाली बड़वानी पुलिस टीम द्वारा गंभीरता से लेकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर व एसडीओपी श्री महेश सुनैया के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम को आरोपीयो को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए थाना प्रभारी बलजीत बिसेन को निर्देशित किया गया। कोतवाली बड़वानी पुलिस द्वारा क्षैत्र में अलग अलग टीमो को तैनात कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा आवश्यक भौतिक व वैज्ञानिक साक्ष्यो के आधार पर लूटकांड घटना में शामिल आरोपीयो की पहचान कर उन्हे हिरासत में लेकर एक बोलेरो पीकप और 102 पेटी बीयर कीमती 13 लाख 40 हजार रुपये के माल सहित घटना में प्रयुक्त वाहनो को जप्त किया गया है।



## भूतेडा से अरनिया तक बनने वाली सड़क को लेकर विवाद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा**

भूतेडा से अरनिया तक बनने वाली 7 किलोमीटर सड़क को लेकर विवाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जन संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में ग्रीन फील्ड नियमों और भू अर्जन कानून का पालन नहीं किया जा रहा है ।इससे निकट भविष्य में शहर एवं व्यापार दोनों को भारी नुकसान हो सकता है। समिति ने एक बार फिर बुधवार को एसडीएम को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी मुख्यमंत्री मोहन यादव एमपी आरडीसी के एमडी के नाम ज्ञापन दिया।

उक्त निर्माण की सड़क को ग्रीनफील्ड रोड के रूप में बताया गया तो रोड सेंटर से करीब 200 फीट तक निर्माण और व्यवसाय प्रभावित हो सकते हैं ।इससे कई मकान दुकान एवं व्यापारिक गतिविधियां संकट में आ जाएगी। यहां ग्रीन फील्ड नियम लागू करना शहर हित में नहीं होगा। 2010-11 में जावरा उज्जैन रोड के लिए टू लेन सड़क के हिसाब से भूमि अधिग्रहण किया गया था लेकिन बाद में इस जमीन पर फोरलेन बनाने की कोशिश हुई जिसे निरस्त करना पड़ा था ।अब फिर उसी तरह नियमों को बदलकर सड़क निर्माण की तैयारी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। समिति ने कहा कि हुसैन टेकरी से जोयो तिराहा तक भूमियों की खरीदी बिक्री और नामांतरण पर पिछले कई माहो से रोक लगी हुई है ।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

### कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखा- कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं।

श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया। जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकॉर्ड किया है।

**श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा लंबे समय से-** श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरूआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पॉट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चचाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी।

सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमोजी के साथ लिखा था, ये तो मेरे लिए भी न्यूज है। जनवरी 2026 में श्रद्धा ने भी अपनी शादी को लेकर चर्चा तब बढ़ा दी थी, जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फैन के सवाल का जवाब दिया था। फैन ने पूछा था, श्रद्धा जी शादी कब करोगे? इस पर श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में लिखा था, मैं करूंगी, यू विवाह करूंगी।

# शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता शेट्टी...

ट्रोलर से बोलीं- शादी करके आपने क्या उखाड़ लिया; सिंगल महिलाओं को ऐज शेम करना बंद करें




शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं।

47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफॉलो करने की सलाह दी है।

कमेंट करने वाले को कहा- बदलाव प्राकृतिक है शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, 'हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है।' 'शादी करके आपने क्या उखाड़ लिया' यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते। इस पर शमिता ने तीखा पलटवार करते हुए पूछा, 'तो? आपने शादी करके क्या उखाड़ लिया है भाई? सबसे जरूरी बात यह है कि आप लोग सिंगल महिलाओं को फॉलो ही क्यों करते हैं? सिर्फ इसलिए ताकि उन्हें ऐज-शेम कर सकें और उन पर अपनी पुरुष-प्रधान और आदिमानव जैसी पिछड़ी सोच थोप सकें? कृपया मुझ पर एक अहसान करें और मुझे तुरंत अनफॉलो कर दें।'



बड़ी बहन शिल्पा शेट्टी से होती है तुलना शमिता शेट्टी की बड़ी बहन और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी 50 साल की हैं। शिल्पा शादीशुदा हैं और उनका एक 14 साल का बेटा है। शमिता ने पहले भी कई इंटरव्यू में साफ किया है कि वे सिर्फ शादी करने के नाम पर किसी से भी शादी नहीं करना चाहतीं। वे सही समय और सही जीवनसाथी का इंतजार करने में विश्वास रखती हैं और अपनी सिंगल लाइफ को पूरी तरह से एन्जॉय कर रही हैं।




# शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन

### याददाश्त चली गई थी, मुशायरे की याद आने पर इरशाद-इरशाद कहने लगते थे

उर्दू गजल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तकरीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। उनको शाम 7:30 बजे भोपाल टॉकीज के पास कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी पत्नी, डॉ. राहत बद्र, जब उनके शेर गुनगुनातीं, तो बशीर साहब के चेहरे पर शादाबी की हल्की सी झलक उभर आती थी। कभी-कभी वे खुद भी मिसरा पूरा करने लगते। एक वक़्त था, जब उनके बिना मुशायरे अधूरे माने जाते थे। उनकी मौजूदगी महफि ल की कामयाबी की जमानत हुआ करती थी। जब भी उन्हें मुशायरे की याद आती थी तो इरशाद, इरशाद कहने लगते थे।

- **गजल जागती रही, मैं सो गया- अशोक मिजाज बद्र-** सागर के शायर अशोक मिजाज बद्र ने बताया- बशीर बद्र से उनका रिश्ता करीब 34 साल पुराना था। 14 फरवरी 1992 से उन्होंने मुझे अपने साथ रखा। शागिर्द बनाया, लेकिन सच में बेटे की तरह रखा। भावुक होते हुए उन्होंने उनका एक शेर याद किया- मैं जागता रहा तो गजल जागती रही, मैं सो गया तो साथ मेरे सो गई। यही शेर तुम्हारी पहचान बनेगा, डरना मत।
- **आज उनके जाने से गजल ही उदास हो गई- मंजर भोपाली-** वहीं भोपाल के वरिष्ठ शायर मंजर भोपाली ने बशीर बद्र की दूरदर्शिता और नए शायरों को आगे बढ़ाने की उनकी भूमिका को याद किया। उन्होंने एक शेर पढ़ा- कह दो अमीर-ए-आलम से हम भी शेर कहते हैं, वो सदी तुम्हारी थी, ये सदी हमारी है। मंजर भोपाली ने भावुक स्वर में कहा-आज उनके जाने से गजल ही उदास हो गई है, गजलें उदास, शहर-ए-तमन्ना उदास है।
- **शायरी में दर्द, मोहब्बत और ज़िंदगी की सच्चाई-** डॉ. बद्र की शायरी में मोहब्बत का खुलूस, ज़िंदगी की तल्खी, शहरी भाग-दौड़ की बेचैनी और हिंदुस्तानी मिट्टी की खुशबू मिलती है। उनके शेर सड़क से लेकर संसद तक गूंजते रहे हैं। उनकी गजलों ने देश-दुनिया में लोगों के दिलों को छुआ और जुबानों पर चस्पा हो गए।

***कुछ तो मजबूरियाँ रही होंगी, यूँ कोई बेवफा नहीं होता।***

- यह महज एक शेर नहीं, बल्कि एक एहसास है जो हर धोखा खाए दिल की आवाज बन गया।

### ट्विशा डेथ केस: सेलिना जेटली हुई भावुक: कहा- चिता की राख भी ठंडी नहीं हुई

# परिवार गुहार लगा रहा था और लोगों का ध्यान पौधों पर था



तलाक, घरेलू हिंसा, बच्चों की कस्टडी और भाई की रिहाई की लड़ाई लड़ रहीं सेलिना जेटली ने हाल ही में एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा डेथ केस में भावुक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने इस मामले की तुलना अपने मामले से की। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए ये भी कहा कि जिस समय तक ट्विशा की चिता की राख भी ठंडी नहीं हुई, तब कुछ लोग पौधों की चिंता कर रहे थे।

सेलिना जेटली ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से ट्विशा शर्मा के लिए भावुक होकर लिखा, शादी हमेशा खुशियों भरी नहीं होती। कभी-कभी सबसे बड़ा दर्द वही होता है, जिसे कोई देख नहीं पाता। ट्विशा शर्मा की दुखद कहानी ने पूरे देश को हिला दिया है। एक पढ़ी-लिखी, खूबसूरत और हुनरमंद लड़की, जिसकी जिंदगी घर के अंदर होने वाले दुख, अकेलेपन और हिंसा में फंस गई। आगे उन्होंने लिखा, जब उसकी चिता की राख भी ठंडी नहीं हुई थी, जब उसका दुखी परिवार अपनी बेटी के लिए जवाब, पोस्टमार्टम और इंसाफ की गुहार लगा रहा था, तब लोगों का ध्यान पौधों को पानी न देने जैसी बातों पर चला गया। यह देखकर इस दर्दनाक घटना को देख रहे बहुत से लोग अंदर तक हिल गए।

यही अत्याचार की सबसे डरावनी बात है। धीरे-धीरे एक महिला का दर्द लोगों के लिए आम बात बन जाता है, और फिर उसकी तकलीफ किसी को दिखाई नहीं देती। हर दर्द शरीर पर चोट के निशान नहीं छोड़ता।

ट्विशा केस की तुलना सेलिना जेटली ने अपनी जिंदगी से की। उन्होंने लिखा, मेरे साथ भी ऐसा हुआ था। मेरे माता-पिता नहीं रहे थे, मैं आर्थिक रूप से मजबूत नहीं थी, और मेरे तीन छोटे बच्चे थे। बहुत सी महिलाओं की तरह मैं भी रिश्ते में इसलिए बनी रही क्योंकि मुझे लगा परिवार को बचाना जरूरी है। मैं नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चों को तकलीफ हो। मेरे पास मदद मांगने के लिए कोई नहीं था, और मैं अपनी सच्चाई बताने से डरती थी। आगे उन्होंने लिखा, समय के साथ इंसान और अकेला महसूस करने लगता है। धीरे-धीरे वह खुद पर भी शक करने लगता है। फिर सिर्फ जिंदा रहना ही जिंदगी लगने लगता है। मेरा दिल ट्विशा शर्मा के परिवार और हर उस महिला के साथ है जो चुपचाप दर्द सह रही है। माता-पिता, दोस्त और परिवार से एक विनती है, अगर आपकी बेटी मदद मांगे, तो उसे अपने पास वापस ले आइए। उसे अकेले मत छोड़िए।



### सेलिना ने पति पर लगाए घरेलू हिंसा के आरोप

सेलिना ने पिछले साल नवंबर 2025 में अंधेरी कोर्ट में पीटर के खिलाफ घेरुल हिंसा समेत कई आरोप में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने मुआवजे के तौर पर 50 करोड़ रुपये की मांग की है। मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पीटर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसीलिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है ताकि उन पर नजर रखी जा सके। आरोप हैं कि शादी के तुरंत बाद ही उनके साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न शुरू हो गया था। सेलिना ने बताया कि वह अपने पड़ोसियों की मदद से चुपचाप उस अपमान और डर के माहौल से बचकर निकली थीं। 15 साल की शादी में उनसे उनकी मेहनत की कमाई और प्रॉपर्टी छीनने की कोशिश की गई और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। उनके पति ने बच्चे भी अपने पास रख लिए हैं और सेलिना को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। सेलिना ने ये भी आरोप लगाए कि पति ने धोखे में रखकर उन्हें तलाक को नोटिस भेजा। हाल ही में मामले की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया गई थीं। तब भी उनकी बच्चों से मुलाकात नहीं हो सकी। सेलिना के तीन बच्चे हैं, जबकि एक बच्चे का निधन हो चुका है। बच्चों से न मिल पाने के बाद सेलिना दिवंगत बेटे की कब्र पर जाकर फूट-फूटकर रोईं। बता दें कि सेलिना जेटली ने 2010 में पीटर हाग से शादी की थी। सेलिना ने 2012 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। 5 साल बाद उन्हें फिर जुड़वां बच्चे हुए, जिनमें से एक की हाइपोप्लास्टिक हार्ट कंडीशन के चलते मौत हो गई। फिलहाल सेलिना के तीन बच्चे विंस्टन, विराज और आर्थर हैं।

**गुजरात की गेंदबाजी सबसे मजबूत, रॉयल्स-टाइटंस में क्वालिफायर-2 मैच आज**

# क्या राजस्थान को आईपीएल फाइनल का टिकट दिला पाएंगे सूर्यवंशी

ब्रह्मास्त्र ▶▶ हैदराबाद



आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 में आज गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आमने-सामने होगीं। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाएगी, जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर सबकी नजर होगी। क्योंकि, उन्होंने एलिमिनेटर में हैदराबाद के खिलाफ 97 रनों की पारी में 12 छक्के लगाए थे। दूसरी ओर सीजन की सबसे मजबूत गुजरात की गेंदबाजी उन्हें रोकने का प्रयास करेगी। इसमें कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, जेसन होल्डर, प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान जैसे गेंदबाज शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या राजस्थान को आईपीएल फाइनल का टिकट दिला पाएंगे सूर्यवंशी?

- **पिछली भिड़ंत** : 9 मई को जयपुर में गुजरात और राजस्थान के बीच पिछला मैच खेला गया था। इसमें मोहम्मद सिराज ने शॉर्ट बॉल पर सूर्यवंशी का विकेट लिया था। जबकि रबाडा उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का शिकार बने थे। वैभव ने 16 बॉल पर 3 छक्के सहित 36 रन बनाए थे।
- **पुराना रिकॉर्ड**: वैभव ने गुजरात के खिलाफ 3 मैच खेले हैं और एक शतक के सहारे 233.33 की स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 15 चौके और 15 छक्के आ चुके हैं। उन्हें मोहम्मद सिराज, राशिद खान और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक बार आउट किया है।
- **हालिया फॉर्म** : वैभव की हालिया फॉर्म कमाल की है। वे पिछली 5 पारियों में सिर्फ एक बार सिंगल डिटिट पर आउट हुए हैं। बाकी कि चार पारियों में वैभव ने दो अर्धशतक लगाए हैं। वे 250.9 के स्ट्राइक रेट से 276 रन बना चुके हैं। दूसरी ओर गुजरात के 5 गेंदबाज सीजन में कम से कम 15 विकेट ले चुके हैं।
- **पिच कंडीशन**: महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम की पिच बैटर्स के लिए मददगार होती है। लेकिन, 2 दिन पहले 27 मई को यहां पेसर्स को मदद मिली थी। मैच में गिरे 18 में से 12 विकेट पेसर्स को मिले। जबकि, दो बैटर्स रनआउट हुए। जोफ्रा आर्चर ने लेंथ और स्पीड के दम पर हैदराबाद के टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया था। हालांकि, वैभव के सामने पैट कमिंस की अगुवाई वाला पेस अटैक बेअसर रहा था।
- **गुजरात 7-3 से आगे, 2022 में फाइनल हराया था-** हेड टु हेड रिकॉर्ड में गुजरात का पलड़ा भारी है। दोनों के बीच अब तक 10 मैच खेले जा चुके हैं, इनमें से 7 मुकाबले गुजरात ने जीते हैं। जबकि, 3 मैच राजस्थान के नाम रहे हैं। इस सीजन में दोनों टीमें बराबरी पर रही है। पिछले मैच को गुजरात ने 77 रन से जीता। उससे पहले राजस्थान ने 6 विकेट की जीत हासिल की थी।
- **टॉप प्लेयर्स-** राजस्थान सूर्यवंशी और आर्चर पर निर्भर राजस्थान रॉयल्स इस समय काफी हद तक वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर पर निर्भर है। दोनों खिलाड़ियों ने एलिमिनेटर में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वैभव 680 रन के साथ मौजूदा सीजन के टॉप स्कोरर हैं। जबकि, जोफ्रा आर्चर 24 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर्स हैं। यशस्वी जायसवाल इस सीजन सूर्यवंशी की चमक के आगे फीके नजर आए हैं, जबकि ध्रुव जुरेल ने नंबर-3 पर उपयोगी पारियां खेली हैं। कप्तान रियान पराग ने माना कि सनराइजर्स के खिलाफ टीम 260 रन तक पहुंच सकती थी, लेकिन डेथ ओवरों में बल्लेबाजी बिखर गई। टीम इस कमजोरी को सुधारना चाहेगी।
- **साई सुदर्शन के पास ऑरेंज कैप लेने का मौका-** गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी हद तक साई सुदर्शन (652 रन), शुभमन गिल (618 रन) और जोस बटलर (498 रन) पर निर्भर है। पिछले मैच में बेंगलुरु के खिलाफ टॉप-3 बैटर्स के जल्दी आउट होने के बाद टीम 162 रन पर ऑलआउट हो गई थी। क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु के बैटर्स ने गुजरात के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की थी। ऐसे में गुजरात अपने गेंदबाजी और फील्डिंग प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगा। कगिसो रबाडा 26 विकेट लेकर टीम सीजन के टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे स्थान पर है।
- **मुल्लांपुर में हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद-** मुल्लांपुर के महाराजा यादविंदर सिंह क्रिकेट स्टेडियम में एक और हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद है। यहां पिछले चारों मैच में 200 रन से ज्यादा का स्कोर बना है। इनमें दो बार लक्ष्य चेज हुआ, जबकि दो बार स्कोर डिफेंड किया गया। पिछले मुकाबले में राजस्थान ने 243 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद 196 रन पर ऑलआउट हो गई।
- **60 से 70 प्रतिशत बारिश की संभावना-** मैच के दिन न्यू चंडीगढ़ का तापमान 23त्उ से 37त्उ तक रह सकता है। हालांकि इस मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ के मौसम वैज्ञानिक शिवेंद्र सिंह ने कहा कि चंडीगढ़-मोहाली में 60% से 70% बारिश की संभावना है। यहां दोपहर बाद में बारिश हो सकती है। अगर बारिश से मैच में खलल पड़ा तो मुकाबला रद्द होने पर फ्ळको नुकसान होगा। पॉइंट टेबल के हिसाब से ऋ्ळ फाइनल में पहुंच जाएगी। इस एलिमिनेटर-2 के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं रखा गया है। पूरी खबर

## दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-12

- **राजस्थान**: यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवन फरेरा, दासुन शनाका, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, यश राज पुंजा, बृजेश शर्मा और सुशांत मिश्रा।
- **गुजरात**: शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, निशांत सिंधु, जेसन होल्डर, राशिद खान, कुलवंत खेजरोलिया, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और राहुल तेवतिया।

**नॉर्वे चेस में प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को हराया**

# गुकेश लगातार दूसरे राउंड में हारे दिव्या ने असाउबायेवा को हराया



ब्रह्मास्त्र ▶▶ इंदौर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लगातार दूसरे दौर में हार गए। अगले दौर में उनका सामना मैग्नस कार्लसन से होगा।

प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल मुकाबले में कार्लसन को हराकर तीन अंक हासिल किए। इस जीत से वे 4.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। विमेंस कैटेगरी में दिव्या देशमुख ने जीत का सिलसिला जारी रखा है। वे नंबर-2 पर हैं।

प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे चेस में क्लासिकल फॉर्मेट में कार्लसन को दूसरी बार हराया है। उन्होंने 2024 में भी पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को मात दी थी। भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि मैच बेहद करीबी था और टाइम स्क्रैम्बल में नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था। सात बार के चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों की अंक तालिका में 1.5 अंक के साथ सबसे नीचे हैं।

**गुकेश का मैच 5 घंटे चला, फिरोजा से हारे-** दूसरी ओर विश्व चैंपियन डी गुकेश की खराब फॉर्म जारी रही। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने उन्हें आर्मगेडन मुकाबले में हराकर 1.5 अंक हासिल किए। करीब 5 घंटे तक चला क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन आर्मगेडन में फिरोजा ने बाजी मार ली। चोटिल होने के बावजूद फिरोजा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मैच के बाद वह व्हीलचेयर और मून बूट में नजर आए।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









चेक बाउंस के मामलों में

## मिलेगी राहत या चलेगी आपराधिक कार्यवाही? तीन जजों की बेंच करेगी फैसला



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े मामलों में आईबीसी मोरेटोरियम लागू होने के अहम सवाल को तीन जजों की बेंच के पास भेज दिया है। जानिए क्या दिवालिया प्रक्रिया में कंपनियों को आपराधिक मामलों से राहत मिलेगी।

जब कोई कंपनी दिवालिया होने की कगार पर हो और उसके खिलाफ रिकवरी की कार्यवाही रुकी हुई हो, तो क्या उसके द्वारा दिए गए चेक के बाउंस होने पर भी उसे कानूनी छूट मिलेगी? भारत के कॉरपोरेट और बैंकिंग जगत से जुड़े इस बेहद अहम सवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अब 3 जजों की एक बड़ी बेंच के पास विचार के लिए भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना है कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी दिवालिया कानून के तहत मिलने वाले 'मोरेटोरियम' (कानूनी कार्यवाही पर रोक) का फायदा क्या नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत चल रहे आपराधिक मामलों में भी मिलेगा या नहीं।

**क्या है पूरा विवाद और मोरेटोरियम का नियम–** दिवालिया कानून के तहत, जब भी किसी डिफाल्टर कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसके खिलाफ चल रहे सभी रिकवरी मामलों पर रोक लगा दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य कंपनी की संपत्तियों को बचाना होता है, ताकि या तो कंपनी को दोबारा खड़ा किया जा सके या फिर संपत्तियों को बेचकर लेनदारों का पैसा चुकाया जा सके। हाल ही में 'दिनेशचंद सुराणा बनाम यूको बैंक' मामले में यह विवाद उठा कि क्या कोई व्यक्ति अपनी पर्सनल इन्सॉल्वेंसी के दौरान चेक बाउंस के तहत चल रहे आपराधिक मुकदमों को रोकने के लिए इस मोरेटोरियम का ढाल के रूप में इस्तेमाल कर सकता है।

बच्चों के नाम पीपीएफ खाता खोलने का क्या फायदा?

# निवेश के समय इन नियमों का ध्यान रखना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए पीपीएफ एक भरोसेमंद निवेश विकल्प माना जा रहा है। नाबालिग बच्चे के नाम पर पीपीएफ खाता खोलकर लंबे समय में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है। इसमें सरकारी गारंटी, चक्रवृद्धि ब्याज और टैक्स छूट का फायदा मिलता है। हालांकि निवेश करते समय 1.5 लाख रुपये की संयुक्त सीमा और अन्य नियमों का ध्यान रखना जरूरी है।

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे का भविष्य सुरक्षित हो। चाहे बात पढ़ाई की हो, विदेश में हायर एजुकेशन की या फिर शादी जैसे बड़े खर्चों की, हर परिवार समय रहते मजबूत आर्थिक तैयारी करना चाहता है। ऐसे में पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश विकल्प माना जा रहा है। खास बात यह है कि पीपीएफ खाता सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि नाबालिग बच्चों के नाम पर भी खुलवाया जा सकता है। लंबे समय तक निवेश और सरकारी गारंटी की वजह से यह योजना बच्चों के भविष्य के लिए मजबूत फंड तैयार करने में मददगार साबित हो सकती है।

**बच्चों के नाम पीपीएफ खाता खोलने का क्या फायदा है–** विशेषज्ञों के मुताबिक अगर बच्चे की छोटी उम्र में पीपीएफ खाता खुलवाया जाए तो लंबे समय में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है। इस योजना में 15 साल का लॉक-इन होता है। उदाहरण के तौर पर अगर 3 साल की उम्र में बच्चे का खाता खोला जाता है तो उसके 18 साल का होने तक अच्छा-खासा पैसा जमा हो सकता है। पीपीएफ में चक्रवृद्धि ब्याज यानी कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जिससे छोटी बचत भी समय के साथ बड़ी रकम में बदल जाती है। इसके अलावा यह निवेश पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है क्योंकि इसमें सरकारी गारंटी होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ता।

**पीपीएफ में टैक्स छूट का क्या लाभ मिलता है–** पीपीएफ को टैक्स बचत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें जमा की गई रकम पर आयकर की धारा 80सी के तहत टैक्स छूट मिलती है। इसके अलावा खाते में मिलने वाला ब्याज भी टैक्स फ्री होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि 15 साल बाद मिलने वाली मैच्योरिटी राशि पर भी कोई टैक्स नहीं लगता। इसी वजह से इसे ट्रिपल टैक्स बेनिफिट वाली योजना कहा जाता है। ऐसे में यह योजना बच्चों के भविष्य के लिए सुरक्षित और टैक्स बचाने वाला मजबूत विकल्प बनती जा रही है।




### निवेश करते समय किन नियमों का ध्यान रखना जरूरी है?

पीपीएफ खाते में निवेश को लेकर कुछ अहम नियम भी हैं। सबसे जरूरी नियम 1.5 लाख रुपये की संयुक्त सीमा का है। एक वित्त वर्ष में माता-पिता अपने और बच्चे के खाते को मिलाकर कुल 1.5 लाख रुपये से ज्यादा जमा नहीं कर सकते। अगर इस सीमा से ज्यादा पैसा जमा किया जाता है तो अतिरिक्त रकम पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। इसके अलावा एक बच्चे के नाम पर सिर्फ एक ही पीपीएफ खाता खोला जा सकता है। माता या पिता में से कोई एक ही बच्चे का अभिभावक बन सकता है। दादा-दादी या नाना-नानी तभी खाता खोल सकते हैं, जब वे कानूनी अभिभावक हों।

### बच्चे के नाम पीपीएफ खाता कैसे खोला जा सकता है?

पीपीएफ खाता किसी भी अधिकृत सरकारी या निजी बैंक और डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसके लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का पैन कार्ड, पहचान पत्र, पते का प्रमाण और दोनों की पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होती है। खाता खोलने के लिए कम से कम 500 रुपये जमा करना जरूरी है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चा बालिग होने तक अभिभावक ही खाते का संचालन करता है।

### बच्चा 18 साल का होने के बाद क्या होगा?

जब बच्चा 18 साल का हो जाता है तो खाते की जिम्मेदारी उसके नाम कर दी जाती है। इसके लिए बैंक या डाकघर में नए केवाईसी दस्तावेज और बच्चे के ताजा हस्ताक्षर जमा करने होते हैं। इसके बाद वह खुद खाते का संचालन कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते सही निवेश शुरू करने से बच्चों के भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है।

### निवेश से पहले क्या सावधानी जरूरी है?

वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले नियमों और शर्तों को ठीक से समझना जरूरी है। पीपीएफ सुरक्षित योजना मानी जाती है, लेकिन निवेश का फैसला अपनी जरूरत और वित्तीय स्थिति को देखकर ही लेना चाहिए। जरूरत पड़ने पर पंजीकृत वित्तीय सलाहकार की राय लेना भी फायदेमंद हो सकता है।

अधिक मुनाफे की चाह में

## फंसे निवेशकों के करोड़ों रुपये, धोखाधड़ी के आरोप में दो कंपनियों पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

बंगलूरू पुलिस ने मोबिक्विक एक्स्ट्रा स्कीम के जरिए निवेशकों के करोड़ों रुपये फंसाने के आरोप में फिनटेक कंपनियों मोबिक्विक और लेंडबॉक्स पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पूरी खबर पढ़ें। ज्यादा मुनाफे और आसान निकासी का लालच देकर निवेशकों का पैसा फंसाने के आरोप में बंगलूरू पुलिस ने दो बड़ी फिनटेक कंपनियों पर शिकंजा कसा है। बंगलूरू की वर्थुर पुलिस ने गुड़गांव स्थित फिनटेक कंपनियों- 'ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' (लैंडबॉक्स) और 'वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड' (मोबिक्विक)- के खिलाफ धोखाधड़ी और निवेशकों के फंड के गलत इस्तेमाल का मामला दर्ज किया है। यह पूरा मामला मोबिक्विक एक्स्ट्रा इन्वेस्टमेंट स्कीम से जुड़ा है, इसमें देशभर के सैकड़ों निवेशकों के करोड़ों रुपये फंसने की आशंका है।

**क्या है मोबिक्विक एक्स्ट्रा स्कीम और कैसे फंसे निवेशक-** पुलिस के मुताबिक, इन कंपनियों ने अपनी 'मोबिक्विक एक्स्ट्रा' स्कीम का जमकर प्रचार किया था। निवेशकों को यह लालच दिया गया था कि यह योजना फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की तरह ही सुरक्षित है, जिसमें अच्छे रिटर्न के साथ-साथ जब चाहे तब पैसा निकालने (लिक्विडिटी) की सुविधा मिलेगी। इन लुभावने वादों पर भरोसा करके लोगों ने निवेश तो कर दिया, लेकिन बाद में कंपनियों ने बिना निवेशकों की सहमति के पैसे निकालने पर रोक लगा दी और वे अपने ही पैसे नहीं निकाल पाए।

**शिकायतों में क्या-क्या आरोप लगे हैं-** पुलिस के पास मुख्य रूप से दो निवेशकों ने शिकायत दर्ज कराई है, जिससे इस बड़े फर्जीवाड़े का अंदेशा हुआ है:

**पहली शिकायत:** 14 मई को अर्जीत सिंह बेंचोर नामक निवेशक ने अपनी शिकायत में बताया कि प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश किए गए उनके लगभग चार लाख रुपये ब्लॉक कर दिए गए हैं और वे उन्हें नहीं निकाल पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का उल्लंघन करते हुए निवेशकों के पैसे को डायवर्ट (गलत जगह इस्तेमाल) किया गया है। शिकायत में दावा किया गया है कि इस योजना में देशभर के 630 से अधिक निवेशकों के छह करोड़ रुपये से ज्यादा फंसे हो सकते हैं।

**दूसरी शिकायत:** मयंक डे नामक एक अन्य निवेशक ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने मोबिक्विक और लेंडबॉक्स के जरिए तीन लाख रुपये का निवेश किया था, जिसमें से 91,341 रुपये अभी भी ब्लॉक हैं।

# क्या है अब्राहम एकॉर्ड्स, ट्रंप की इस मेगा डील पर पश्चिम एशिया में क्यों मची है हलचल?

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अब्राहम एकॉर्ड्स क्या है और क्यों पाकिस्तान और सऊदी अरब कर रहे हैं इसका विरोध? कौन-कौन से देश इसके सदस्य हैं और क्यों इसे लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है? आसान भाषा में समझें पूरा मामला।

पश्चिम एशिया में एक बार फिर कूटनीति का बाजार गर्म है और चर्चा के केंद्र में हैं अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। ट्रंप एक ऐसी डील को आगे बढ़ाने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं, जिसे लेकर कुछ देश तो उत्साहित हैं, लेकिन पाकिस्तान और सऊदी अरब जैसे प्रमुख देशों ने इसे लेकर साफ तौर पर असहमति जता दी है। हम बात कर रहे हैं अब्राहम एकॉर्ड्स की। क्या है यह समझौता, कौन-कौन से देश इसके सदस्य हैं और क्यों इसे लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है? आइए इसे आसान भाषा में सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं।

**सवाल:** अब्राहम एकॉर्ड्स आखिर है क्या?



**जवाब:** आसान शब्दों में कहें तो यह 2020 में अमेरिका की मध्यस्थता से शुरू किया गया एक समझौता है। इसका मुख्य उद्देश्य इस्राइल और अरब देशों के बीच कूटनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को सामान्य करना है। पहले अरब देशों की यह शर्त हुआ करती थी कि जब तक फिलिस्तीन के मुद्दे का समाधान नहीं होता, वे इस्राइल को मान्यता नहीं देंगे। लेकिन इस समझौते ने पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए व्यापार, निवेश और रक्षा सहयोग को सबसे ऊपर रखा। इस समझौते का नाम अब्राहम (इब्राहीम) के नाम पर रखा गया है, जो यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम- तीनों प्रमुख धर्मों में एक साझा और सम्मानित पैगंबर या पूर्वज माने जाते हैं। इस नाम को चुनने का प्रतीक यह संदेश देना था कि ये देश साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के आधार पर क्षेत्र में शांति, भाईचारे और सहयोग की नई शुरूआत कर रहे हैं।

**सवाल:** वर्तमान में इस समझौते से कितने देश जुड़े हुए हैं?

**जवाब:** फिलहाल इस समझौते में छह देश शामिल हैं। इसकी शुरूआत 2020 में इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन के बीच हस्ताक्षर के साथ हुई थी। बाद में मोरक्को और सूडान भी इसका हिस्सा बने, और 2025 में कजाखस्तान ने भी औपचारिक रूप से इस समूह को ज्वाइन कर लिया।

**सवाल:** अभी अचानक से फिर इसकी चर्चा क्यों शुरू हो गई है?

**जवाब:** दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता को एक बड़ी क्षेत्रीय डील से जोड़ना चाहते हैं। उनका प्लान है कि जैसे ही ईरान के साथ कोई डील फाइनल हो, उसके तुरंत बाद सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन जैसे देश भी अब्राहम एकॉर्ड्स का हिस्सा बन जाएं। ट्रंप का दावा है कि इस समझौते से इसमें शामिल देशों में भारी आर्थिक और सामाजिक प्रगति हुई है।

**सवाल:** ट्रंप के इस प्रस्ताव का किन देशों ने विरोध किया है?

**जवाब:** पाकिस्तान इस प्रस्ताव को सार्वजनिक रूप से खारिज करने वाला पहला देश बन गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने साफ कर दिया है कि यह समझौता उनकी विचारधारा के खिलाफ है और वे इस्राइल पर भरोसा नहीं कर सकते। पाकिस्तान का कहना है कि 1967 से पहले की सीमाओं और पूर्वी यरुशलम को राजधानी बनाए बिना वे इस्राइल को मान्यता नहीं देंगे। इसके अलावा, सऊदी अरब ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि जब तक फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य का दर्जा मिलने का ठोस रास्ता नहीं बनता, तब तक वे इस्राइल को मान्यता नहीं देंगे। ईरान ने भी यह कहते हुए इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है कि वे 'नरसंहार' करने वाले शासन को मान्यता नहीं देंगे।

6.5 फीसदी रह सकती है देश की वृद्धि दर

## रिपोर्ट में दावा: आर्थिक सुस्ती के बीच भारत सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने होर्मुज बंद होने को पिछले वर्ष के वैश्विक टैरिफ विवादों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर आर्थिक बाधा माना है। उनके मुताबिक, अगर संकट इस साल के अंत तक जारी रहा तो इसका असर कोविड महामारी जैसी गंभीर स्थिति के करीब पहुंच सकता है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के प्रमुख अर्थशास्त्री अगले एक साल में वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, भारत एक ऐसे क्षेत्र के रूप में उभर रहा है, जहां विकास की सबसे मजबूत संभावनाएं देखी जा रही हैं।

विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल लगभग दस में से नौ प्रमुख अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि धीमी होगी। वहीं, केवल 13 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों ने वैश्विक मंदी की आशंका जताई है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना बड़ी चिंता–** रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 94 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों को होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ने और आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान आने से वैश्विक मुद्रास्फीति में वृद्धि की उम्मीद है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से एक बड़े वैश्विक आर्थिक झटके की चिंताएं बढ़ गई हैं। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने को पिछले साल के टैरिफ विवादों की तुलना में कहीं अधिक गंभीर आर्थिक बाधा माना है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर यह बंद साल के आखिर तक जारी रहता है, तो इसका असर कोविड-19 संकट की गंभीरता के जैसा हो सकता है। इसकी वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, ऊर्जा और खाद्य लागतों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा, पश्चिम एशिया संघर्ष के आर्थिक प्रभाव अगले कई महीनों तक महसूस किए जाएंगे।

## बेरोजगारों को कॉकरोच कहना क्या सही

### पूर्व सीजेआई बोले- जज भी इंसान, कोई शब्द निकल जाता है, सोशल मीडिया पर गलत मतलब निकाला जाता है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व सीजेआई बीआर गवई ने गुरुवार को को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उनसे पूछा गया कि सुप्रीम कोर्ट में बेरोजगारों को 'कॉकरोच' और 'पैरासाइट' जैसे शब्द कहे गए, आप इसे कैसे देखते हैं? इस पर उन्होंने कहा- इस बात को बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। जज भी इंसान हैं। सुनवाई के दौरान बिना किसी बुरे इरादे के अनजाने में कोई शब्द निकल जाता है। सोशल मीडिया के कारण बिना संदर्भ समझे ऐसे शब्दों का गलत अर्थ निकालकर विवाद खड़ा कर दिया जाता है, जो सही नहीं है। हमें सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान दोनों को स्वीकार करना होगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई भी संस्था भ्रष्टाचार से अछूती नहीं है, लेकिन बाकी क्षेत्रों की तुलना में न्यायपालिका में यह कम है। रिटायरमेंट के बाद जजों के राजनीति में आने पर पूर्व उडकबोले- मेरा मानना है कि अगर हमें सरकार से किसी पद की उम्मीद नहीं है, तो काम करते समय मन पर कोई दबाव नहीं रहता। मैंने 2019 में ही तय कर लिया था कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद नहीं लूंगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे पिता रा.सु. गवई धर्मनिरपेक्ष विचारों के व्यक्ति थे। मैं बचपन से इसी माहौल में पला-बढ़ा हूं। मेरे पिता के मित्र अलग-अलग धर्मों और विचारधाराओं के थे। इनमें कांग्रेस के शरद पवार, जनसंघ के उत्तमराव पाटिल और समाजवादी विचारक बापूसाहेब कालदाते, ये सभी हमारे घर आते थे। इसलिए मैं मंदिर, दरगाह, गुरुद्वारा, मस्जिद जैसे सभी धर्मस्थलों पर जाता हूं। हर धर्म का सम्मान करता हूं। डॉ. अंबेडकर ने हमें संविधान के माध्यम से धर्मनिरपेक्षता दी है, जो हर नागरिक को 'उपासना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का मौलिक अधिकार देती है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई भी संस्था भ्रष्टाचार से अछूती नहीं है, लेकिन अन्य क्षेत्रों की तुलना में न्यायपालिका में इसका प्रमाण कम है। न्यायपालिका खुद लगातार सुधार के उपाय करती रहती है। हमें यह पद सत्ता चलाने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा और उनका विश्वास हासिल करने के लिए मिला है। संविधान का सम्मान हर किसी को करना ही चाहिए।


एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये निजी मामला है, पर मेरा व्यक्तिगत मानना है कि अगर हमें सरकार से किसी पद की उम्मीद नहीं है, तो काम करते समय मन पर कोई दबाव नहीं रहता। मैंने 2019 में शीर्ष कोर्ट में जज बनते समय ही तय कर लिया था कि सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद नहीं लूंगा। मैं अपनी स्वतंत्रता को मजबूत और कायम रखना चाहता था और मैंने वही किया।

जज रहते परिवार को समय नहीं दे पाया। लोग कहते हैं कि जजों का काम सुबह 10 से शाम 5 तक होता है, पर मामलों के अध्ययन के बाद ही कोर्ट जाना पड़ता है। शनिवार-रविवार को भी वकीलों के सामाजिक कार्यक्रमों में जाना पड़ता था। टेनिस खेलना और तैरना पसंद है। अब ये शौक पूरे कर रहा हूं।

# 15 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी राजस्थान में नौतपा के बीच ओले गिरे

## यूपी में 100 किलोमीटर का तूफान





दिल्ली में आने वाले यूपी के नोएडा में गुरुवार शाम बारिश के बाद जाम लग गया।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश, बिहार सहित 15 से ज्यादा राज्यों में शुक्रवार को बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में 6 जिलों में दिन में हीटवेव चलेगी, जबकि शाम को बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। राजस्थान में 12 जिलों में बारिश हो सकती है। यहां आंधी का भी अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर में नौतपा के बीच शाम को ओले गिरे, लेकिन यहां दिन का अधिकतम तापमान 47.1°C रहा। यूपी में गर्मी के बजाय बारिश-आंधी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और चंदौली में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं। हमीरपुर में तूफान के चलते अंडर कंस्ट्रक्शन पुल गिर गया। जिसमें 6 की मौत हो गई। ओडिशा में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने और तूफान से 3 लोगों की मौत हुई है। मयूरभंज, क्योंझर, राउरकेला और अंगुल जिलों में 250 से ज्याद घरों को नुकसान हुआ। कई पेड़ उखड़ गए। देश में नौतपा के बीच 10 राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। यूरोप की मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स ने सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा को मिलाकर भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है। इसमें अगले 8 दिनों में केरल, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, यूपी, बिहार, राजस्थान, एमपी में ज्यादा बारिश के संकेत हैं।

केरल में मानसून की दस्तक को लेकर मौसम विभाग का पूर्वानुमान गलत साबित हुआ है। मानसून केरल के तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका है और अगले दो-तीन दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने 15 मई को कहा था कि केरल में सामान्य तारीख (एक जून) से 5 दिन पहले 26 मई को मानसून दस्तक देगा। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के प्रेसिडेंट जीपी शर्मा का अनुमान है कि मानसून 3 से 4 जून को आ सकता है।

# हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के जंगलों में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के जंगलों में लगी आग अब बड़े संकट का रूप लेती जा रही है। हिमाचल प्रदेश के सोलन के कसौली में लगी आग सैन्य प्रतिष्ठानों और रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई। इसके बाद भारतीय वायुसेना को राहत अभियान में उतारना पड़ा। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जंगल की आग गंगोत्री हाईवे तक पहुंच गई और धुएं से घिरे एक गेस्ट हाउस से 70 यात्रियों को सुरक्षित निकालना पड़ा। वहीं जम्मू-कश्मीर के उधमपुर और रामबन जिलों में कई दिनों से जंगल धधक रहे हैं और कई गाँव आग की चपेट में आ गए। धुएं के घने गुबार से पहाड़ों में विजिबिलिटी घट गई है और कई इलाकों में लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। तेज गर्मी, सूखे जंगल और तेज हवाओं के कारण आग लगातार फैल रही है। हिमाचल में वायुसेना ने रात में भी हेलीकॉप्टर ऑपरेशन जारी रखा, जबकि जम्मू-कश्मीर में दुर्गम पहाड़ी इलाकों और तेज हवाओं के कारण राहत अभियान प्रभावित हो रहा है।

# शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन, याददाश्त चली गई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

उर्दू गजल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तकरीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। उनको शाम 7:30 बजे भोपाल टॉकीज के पास कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी पत्नी, डॉ. राहत बद्र, जब उनके शेर गुनगुनातीं, तो बशीर साहब के चेहरे पर शादाबी की हल्की सी झलक उभर आती थी। कभी-कभी वे खुद भी मिसरा पूरा करने लगते। एक वक़्त था, जब उनके बिना मुशायरे अधूरे माने जाते थे। उनकी मौजूदगी महफि ल की कामयाबी की जमानत हुआ करती थी। जब भी उन्हें मुशायरे की याद आती थी तो इरशाद, इरशाद कहने लगते थे। सागर के शायर अशोक मिजाज बद्र ने बताया- बशीर बद्र से उनका रिश्ता करीब 34 साल पुराना था। 14 फरवरी 1992 से उन्होंने मुझे अपने साथ रखा। शागिर्द बनाया, लेकिन सच में बेटे की तरह रखा। भावुक होते हुए उन्होंने उनका एक शेर याद किया- मैं जागता रहा तो गजल जागती रही, मैं सो गया तो साथ मेरे सो गई। यही शेर तुम्हारी पहचान बनेगा, डरना मत।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया

# कर्नाटक में 4 डिप्टी सीएम हो सकते हैं, शिवकुमार सीएम होंगे, शपथ अगले हफ्ते



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने नोटिफिकेशन जारी किया। अब मौजूदा डिप्टी उट डीके शिवकुमार प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री होंगे। तब तक सिद्धारमैया कार्यवाहक उट रहेंगे।


इधर, इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। दोनों आज राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ नई कैबिनेट के मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे।

पार्टी सूत्रों की मानें तो डीके अगले हफ्ते नए कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। साथ ही सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए चार डिप्टी उट भी बनाए जा सकते हैं। इससे पहले कांग्रेस हाई कमान के निर्देश पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 28 मई को पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन राज्यपाल के शहर में न होने के कारण यह मंजूर नहीं हो सका था।

पार्टी सूत्रों की मानें तो उट के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। करीब 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। शिवकुमार कैबिनेट में सिद्धारमैया और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे समेत चार उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना है। दावा किया जा रहा है कि नए मंत्री डिप्टी सीएम सिद्धारमैया की पसंद के होंगे। इनके नामों पर मुहर लगवाने के लिए ही सिद्धारमैया दिल्ली पहुंच गए हैं। उनके साथ-साथ डीके शिवकुमार भी दिल्ली पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया के बेटे और विधान परिषद सदस्य यतींद्र को उड़ कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है, ताकि सिद्धारमैया की विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और राज्य कैबिनेट में मंत्री प्रियंक खड़गे को भी डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। इनके अलावा 2 और डिप्टी सीएम होंगे। हालांकि यह पहला मौका नहीं है कि किसी राज्य में एक साथ इतने डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे।

### न्यूयॉर्क मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान युद्ध का विरोध किया

# ईरान बोला- दुश्मनों को होर्मुज इस्तेमाल नहीं करने देंगे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान ने कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट का इस्तेमाल अपने खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए नहीं होने देगा। वठ सुरक्षा परिषद में ईरान के राजदूत अमीर-सईद इरावानी ने कहा कि होर्मुज ईरान की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से जुड़ा है। उन्होंने कहा, होर्मुज में ईरान की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक है और किसी भी तरह की दखल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी बीच अढ की रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका-ईरान 60 दिन के सीजफायर टङ्गव (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर सहमत हो गए हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अंतिम मंजूरी अभी बाकी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक समझौते का मकसद संघर्ष विराम बढ़ाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत शुरू करना है। प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बिना रोकटोक जारी रहेगी।

1. होर्मुज टोल पर अमेरिका की चेतावनी- अमेरिका ने ओमान को चेतावनी दी कि अगर उसने होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की टोल वसूली व्यवस्था का साथ दिया, तो शामिल देशों, कंपनियों और लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी। 2. ट्रम्प की ईरान नीति पर सवाल- डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस मर्फी ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन लगातार गलत फैसले ले रहा है और ओमान को दी गई धमकी दिखाती है कि ईरान युद्ध नियंत्रण से बाहर जा रहा। 3. खामेनेई का अमेरिका-इजराइल पर आरोप- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने कहा कि अमेरिका और इजराइल सैन्य मोर्चे पर नाकाम रहने के बाद अब ईरान को अंदर से तोड़ने की कोशिश कर रहे। 4. ईरानी अथॉरिटी पर अमेरिकी प्रतिबंध- अमेरिका ने ईरान की नई पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी पर प्रतिबंध लगाए। ईरान इसके जरिए जहाजों की जानकारी लेने और होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने पर टोल वसूलने की तैयारी कर रहा है। 5. अमेरिकी एयरबेस पर हमले का दावा- क्रन्क्र्छ ने दावा किया कि उसने अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल हमला किया। ईरान के मुताबिक, यह कार्रवाई बंदर अब्बास एयरपोर्ट के पास हुए अमेरिकी हमले के जवाब में की गई।

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा, आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था। लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मध्यम और कामकाजी वर्ग के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। ममदानी ने कहा, विदेश में जाने वाली हर जान और अमेरिका में आम परिवारों पर पड़ने वाला हर आर्थिक बोझ, एक ही लापरवाह फैसले की कीमत है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने दावा किया है कि ईरान ने

## अमेरिका-ईरान बातचीत की उम्मीद से तेल सस्ता हुआ

अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर बढ़ाने को लेकर बातचीत की उम्मीद के बीच शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखी गई। हालांकि, कीमतों में ज्यादा गिरावट नहीं आई, क्योंकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कोई पक्का समझौता नहीं हुआ है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत करीब 35 सेंट गिरकर 93.36 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वहीं, हळकक्रूड ऑयल 63 सेंट टूटकर 88.27 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इजराइल की सेना अब दक्षिण लेबनान में और आगे बढ़ रही है। उन्होंने वहां के इलाके को कॉम्बैट जोन घोषित किया है। गाजा में भी हालात बिगड़ गए हैं। इजराइल ने गाजा शहर के एक बड़े इलाके के लोगों को घर छोड़ने को कहा है। एक ड्रोन हमले में एक आदमी मारा गया और कई लोग घायल हो गए। ाजा के लिए बनाई गई बोर्ड ऑफ पीस की योजना कमजोर पड़ती दिख रही है। इसी बीच इजराइल गाजा में अपने सैन्य अभियान को और तेज कर रहा है। तीन महीने पहले अमेरिका में बैठक के बाद गाजा में शांति बनाए रखने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय फोर्स बनाने का ऐलान किया गया था, लेकिन अब तक कोई सैनिक वहां नहीं पहुंचा है। इंडोनेशिया ने इस मिशन के लिए करीब 8 हजार सैनिक भेजने की बात कही थी, लेकिन अब उसने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें अब तक इस मिशन को लेकर साफ निर्देश नहीं मिले हैं।

## रिपोर्ट- अमेरिका और ईरान 60 दिन के सीजफायर पर राजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान 60 दिन के संघर्षविराम समझौते पर सहमत हो गए हैं। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक अब सिर्फ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अंतिम मंजूरी बाकी है। दोनों देशों के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर सहमति बनी है। इसका मकसद संघर्षविराम बढ़ाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत शुरू करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने समझौते पर फैसला लेने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है। वहीं ईरान ने भी आधिकारिक तौर पर अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रोकटोक जारी रहेगी। इसके बदले अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी धीरे-धीरे हटाएगा और ईरान को तेल बेचने के लिए कुछ प्रतिबंधों में राहत देने पर चर्चा करेगा। समझौते में ईरान का परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा भी शामिल है।

# ओमान 15वां देश जिसपर ट्रम्प ने हमले की धमकी दी, अब तक 7 देशों पर अटैक किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ट्रम्प ने बुधवार को ओमान पर हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर वह ईरान के साथ मिलकर होर्मुज स्ट्रेट को कंट्रोल करने की कोशिश करता है तो अमेरिका उसे उड़ा देगा।

ओमान 15वां ऐसा देश है जिस पर ट्रम्प ने हमले की धमकी दी है। इतना ही नहीं, ट्रम्प के कार्यकाल में अमेरिका ने 7 देशों पर हमले भी किए हैं। इसमें वेनेजुएला भी शामिल है जहां घुसकर अमेरिका ने राष्ट्रपति का किडनैप कर लिया था।

इसके अलावा ट्रम्प 4 देशों पर कब्जा करने की चेतावनी भी दे चुके हैं। इसमें कनाडा, ग्रीनलैंड, वेनेजुएला और क्यूबा शामिल हैं। इसके अलावा ट्रम्प पनामा नहर पर भी कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं।

साल 2024 में जब ट्रम्प राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे थे। तब वे खुद को अमन पसंद नेता के तौर पर पेश कर रहे थे। चुनावी रैलियों में वे अपने विरोधियों को युद्ध भड़काने वाला नेता कहते थे। उनका कहना था कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया में शांति आ जाएगी। उन्होंने कई बार कहा कि अगर वह राष्ट्रपति होते तो रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू ही नहीं होता। ट्रम्प खुद को ऐसा नेता बताते थे जो दुश्मन देशों से बातचीत कर सकता है और बिना बड़े युद्ध के समझौते करा सकता है। ट्रम्प कहते थे कि अगर उनके विरोधी सत्ता में आए तो अमेरिका फिर से इराक और अफगानिस्तान जैसे लंबे युद्धों में फंस जाएगा। लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद स्थिति बदल गई। ट्रम्प कई बार ऐसे बयान देते हैं जिनसे दोस्त और दुश्मन दोनों असमंजस में रहते हैं कि अमेरिका अगला कदम क्या उठाएगा। विश्लेषकों का कहना है कि अपने विरोधियों के अलावा सहयोगी देशों को धमकाना अब ट्रम्प की शैली का हिस्सा बन चुका है। राजनीतिक विज्ञान में इसे मैडमैन थ्योरी कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि कोई नेता अपने विरोधियों को यह महसूस कराता है कि वह कुछ भी कर सकता है,

### विरोधियों पर बेअसर रही ट्रम्प की मैडमैन थ्योरी

बीबीसी के मुताबिक ट्रम्प की यह रणनीति सहयोगी देशों पर तो असर डालती दिख रही है लेकिन विरोधियों पर यह बेअसर है। ट्रम्प की धमकी के बाद नाटो देश अपना रक्षा बजट बढ़ा रहे हैं। यूक्रेन, अमेरिका को अपने खनिज संसाधन देने को तैयार हो गया। लेकिन रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर इसका ज्यादा असर नहीं दिखा। ईरान का मामला और भी मुश्किल है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका उल्टा असर हो सकता है। पूर्व ब्रिटिश विदेश मंत्री विलियम हेग का कहना है कि इससे ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश और तेज कर सकता है। विशेषज्ञ माइकल डेश भी मानते हैं कि अब ईरान शायद चुपचाप परमाणु कार्यक्रम आगे बढ़ाएगा और अंत में परमाणु परीक्षण भी कर सकता है। ईरान यह देख रहा है कि जिन नेताओं के पास परमाणु हथियार नहीं थे, जैसे सद्दाम हुसैन और मुअम्मर गद्दाफी, उनकी सत्ता खत्म हो गई।

## नेतन्याहू बोले- भारत में इजराइल का जबरदस्त समर्थन, मेरे सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वहीं से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत और इजराइल के रिश्तों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में इजराइल को आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त समर्थन देखने को मिलता है। वेस्ट बैंक में गुरुवार को आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा कि भारत इजराइल की ग्लोबल रणनीति में बेहद खास जगह रखता है। उन्होंने भारत और इजराइल के रिश्तों को अनोखा बताया और कहा कि भारत के लोगों में इजराइल के प्रति खास लगाव है। नेतन्याहू ने कहा, दुनिया के कई हिस्सों में हमें वैधता खत्म करने की कोशिशों का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, भारत में इजराइल के लिए बिल्कुल अलग तरह का प्यार है, बेहद जबरदस्त प्यार। मुझे लगता है कि मेरे सबसे ज्यादा सोशल मीडिया फॉलोअर्स भारत में हैं।

## ट्रम्प जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में फाइटिंग कराएंगे: मुकाबले के लिए स्टेज तैयार हो रहा


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर व्हाइट हाउस में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के मुकाबले कराए जाएंगे। वऋछ दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स संस्था है। इसमें अलग-अलग फाइटिंग खेलों के खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करते हैं। चीफ डाना व्हाइट ने बताया कि व्हाइट हाउस में फाइट कराने का विचार खुद ट्रम्प ने दिया था। उनके मुताबिक इसके लिए व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में खास फाइटिंग एरिया बनाया जा रहा है, जहां 4 हजार से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे। इसके अलावा व्हाइट हाउस के पास एलिप्स फील्ड में फाइट्स दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीनें लगाई जाएंगी। यहां 75 हजार से लेकर 1 लाख लोग मुफ्त में मुकाबला देख सकेंगे। व्हाइट ने बताया कि ट्रम्प चाहते थे कि यह मुकाबला अमेरिका के 250वें स्थापना वर्ष के जश्न का हिस्सा बने। अल जजीरा के मुताबिक, मुख्य मुकाबले में अमेरिकी फाइटर जस्टिन गेथजी और जॉर्जिया के स्टार फाइटर इलिया टोपूरिया आमने-सामने होंगे।


ट्रम्प और डाना व्हाइट की दोस्ती काफी पुरानी है। राजनीति में आने से पहले ट्रम्प ने वऋछ को अपने होटल और प्रॉपर्टी में फाइटिंग इवेंट आयोजित कराने की इजाजत दी थी। उस समय कई लोग इस खेल की आलोचना करते थे। इसके बदले डाना व्हाइट कई बार ट्रम्प के समर्थन में खुलकर बोल चुके हैं। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में भी उन्होंने ट्रम्प के पक्ष में भाषण दिया था। डाना व्हाइट ने भी माना कि कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता कि उनका खेल इस स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वह सोचते हैं कि मैं आखिर करता क्या हूं? क्योंकि आज दुनिया का सबसे ताकतवर व्यक्ति खुद वऋछ का सबसे बड़ा प्रमोटर बन चुका है।

## बांग्लादेश में ट्रम्प जैसे दिखने वाले भैंसे की कुबार्नी रुकी

बांग्लादेश में डोनाल्ड ट्रम्प नाम से मशहूर सफेद भैंसे की ईद पर कुबार्नी रोक दी गई है। इस भैंसे को 3.85 लाख टका (करीब 3 लाख रूपए) में बेचा गया था। न्यूज एजेंसी अठक के मुताबिक, भैंसे को जिंजिरा के रसूलपुर इलाके के रहने वाले मोहम्मद शोरोन ने 23 मई को ईद-उल-अजहा पर कुबार्नी के लिए खरीदा था। इससे पहले यह राजधानी ढाका के पास नारायणगंज स्थित रबेया एग्रो फार्म में रह रहा था। 700 किलो के इस भैंसे की कीमत 550 टका प्रति किलोग्राम लगाई गई थी। जब भैंसे की लोकप्रियता बढ़ी, तो सरकार का ध्यान भी उसकी तरफ गया। इसके बाद बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने बुधवार को कुबार्नी रोकने का आदेश दिया। गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने अधिकारियों से यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने कुबार्नी के लिए यह भैंसा खरीदा था, उसे उसके पूरे पैसे वापस किए जाएं। फिलहाल इस भैंसे को बांग्लादेश नेशनल जू में रखा गया है। जू प्रशासन ने उसके लिए अलग बाड़ा तैयार किया है और उसकी देखभाल के लिए खास कर्मचारी भी लगाए गए हैं। जू के क्यूरेटर अतीकुर रहमान ने बताया कि भैंसे को फिलहाल दो हफ्ते तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। इसके बाद आम लोग उसे जू में देख सकेंगे। इस भैंसे की सबसे खास बात उसके सिर पर मौजूद सुनहरे बालों का गुच्छा है, जो काफी हद तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हेयरस्टाइल जैसा दिखता है। इसी वजह से लोगों ने मजाक-मजाक में उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प रख दिया था। वायरल होने के बाद लोगों की भारी भीड़ फार्म पर जमा होने लगी थी। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने इसे और लोकप्रिय बना दिया जिसके बाद इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होने लगी।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-2
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26. विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिज़ूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेश शराब-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 30 | | 50 | | 20 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 4 | | 45 | | 20 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 20 | | 2 | | 2 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 1 | | 20 | | 10 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 40 | | 14 | | 27 | | 20 | = | 40 / 33 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | र | सु | थे | ता | कृ | प | ला | मी | इ |
| न | सुं | क | ज | ई | क्षे | वे | ह | लि | म | श्ल |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ड़ी | टे | थी | क | र | क | ते | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| श्री | मा | दे | श | ब | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| टी | हि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | थी | दे |
| भि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | प | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




# ट्विशा केस-सास गिरिबाला सिंह की आज कोर्ट में पेशी, समर्थ के सामने बैठाकर पूछताछ करेगी सीबीआई

## एक्ट्रेस के आखिरी घंटों का वर्चुअल रीक्रिएशन होगा

एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (उड़क) ने उसकी सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है। सीबीआई ने लगातार तीन दिन तक पूछताछ, स्पॉट वेरिफिकेशन और सबूतों की जांच के बाद यह कार्रवाई की है।

गिरिबाला को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने 25 मई की रात इस मामले में औपचारिक एफआईआर दर्ज की थी। 26 मई को सीबीआई की टीम पहली बार बाग मुगलिया एक्सटेंशन स्थित गिरिबाला सिंह के घर पहुंची थी। यहां अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक पूछताछ की।

टीम ने ट्विशा शर्मा की मौत वाली रात की परिस्थितियों, घर में मौजूद लोगों की गतिविधियों और घटना के बाद की गई कार्रवाई को लेकर जानकारी भी हासिल की। ट्विशा के पति समर्थ सिंह को सीबीआई पहले ही रिमांड पर ले चुकी है। सूत्रों का कहना है कि अब समर्थ और गिरिबाला को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी। सीबीआई अब टनल व्यू इन्वेस्टिगेशन तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। एजेंसी ट्विशा के आखिरी घंटों का वर्चुअल रीक्रिएशन तैयार कर रही है, ताकि घटना से पहले और बाद की हर गतिविधि को मिनट-टू-मिनट समझा जा सके।



## परिवार से जुड़े लोगों से पूछताछ करेगी एजेंसी

ट्विशा शर्मा की 12 मई की रात भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शुरुआती जांच भोपाल पुलिस ने की लेकिन परिजन ने इस पर सवाल उठाए थे। मामले के तूल पकड़ने के बाद इसे सीबीआई को सौंप दिया गया। गिरिबाला को गिरफ्तार करने के बाद अब जांच एजेंसी परिवार से जुड़े अन्य लोगों, घरेलू कर्मचारियों और घटना के बाद संपर्क में आए व्यक्तियों से भी पूछताछ कर सकती है।

## डिजिटल एविडेंस का इन्वेस्टिगेशन कर रही सीबीआई

28 मई की सुबह साढ़े 10 बजे सीबीआई की टीम एक बार फिर गिरिबाला सिंह के घर पहुंची। 7 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार पूछताछ की गई। इस तरह तीन दिन में करीब 10 घंटे चले सवाल-जवाब में सीबीआई ने पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया।

स्पॉट वेरिफिकेशन के दौरान जांच एजेंसी को ऐसे संकेत मिले, जिनसे सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका मजबूत हुई। इसी आधार पर गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई अब कॉल डिटेल रिकॉर्ड, टावर लोकेशन और डिजिटल एविडेंस का इन्वेस्टिगेशन कर रही है। जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि घटना की रात किन लोगों से संपर्क किया गया था और मौत के बाद घटनास्थल पर क्या बदलाव किए गए?

## ट्विशा का डिजिटल अवतार तैयार किया जा रहा

सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने घर के भीतर ट्विशा के मूवमेंट का डिजिटल ट्रैक तैयार किया है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन डेटा, वाई-फाई लॉग, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और कमरों की फॉरेंसिक मैपिंग को एक साथ जोड़ा जा रहा है। एजेंसी तीन मंजिला मकान के भीतर ट्विशा की आखिरी लोकेशन, आवाजाही और संपर्कों का क्रम तैयार कर रही है। सीबीआई जांच में ट्विशा का डिजिटल अवतार तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए यह समझने की कोशिश होगी कि घटना से पहले वह घर के किस हिस्से में थी, कौन-कौन लोग किन कमरों में आए या बाहर गए और किस समय क्या गतिविधि हुई? जांच एजेंसी कैमरों के टाइमस्टैंप, मोबाइल एक्टिविटी और इंटरनेट उपयोग के समय का मिलान कर एक सिम्युलेटेड वर्चुअल वॉकथ्रू तैयार कर रही है। इससे घटना से पहले और बाद के समय में मौजूद गैप, संदिग्ध मूवमेंट और बयानों में विरोधाभास की जांच की जा सकेगी।

## 20 लाख के शेयर अपने नाम कराने का दबाव बनाते थे मां-बेटे

जांच में सामने आया है कि ट्विशा ने कई कंपनियों के करीब 20 लाख रुपए के शेयर खरीद रखे थे। इन्हीं शेयरों को अपने नाम कराने के लिए पति समर्थ और सास गिरीबाला सिंह उस पर दबाव बनाते थे। ट्विशा के एडवोकेट अंकुर पांडे के मुताबिक, शादी के समय इन शेयरों की कीमत करीब 20 लाख रुपए थी। शादी के बाद ट्विशा वियतनाम गई थी। वहां से लौटने के बाद समर्थ और गिरीबाला को उसके नाम पर शेयर होने की जानकारी मिली। जांच में यह भी सामने आया है कि ट्विशा ने अपनी मां से फोन पर कहा था कि समर्थ और गिरीबाला दहेज की मांग को लेकर उससे हाथापाई करते हैं। दोनों बच्चे को लेकर भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।






## ट्विशा की करियर प्रोफाइल

- 2009-2012 से ट्विशा शर्मा ने मॉडलिंग शुरू की
- 2012 में मिस पुणे का खिताब जीता।
- मिस पुणे बनने के बाद विज्ञापन एवं मॉडलिंग के अवसर मिले।
- Dove और L'Oréal जैसे ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी काम किया।
- डीएडीबी जर्मन अकादमी डिजिटल एजुकेशन में कम्युनिकेशन एन्ड ऑन बोर्डिंग मैनेजर रहीं।
- जुलाई 2014 से अप्रैल 2020 तक फ्लावर पॉट एन्ड फूड में मार्केटिंग मैनेजर रहीं।
- सावित्री बाई फूले पुणे यूनिवर्सिटी से बीबीए से ग्रेजुएशन किया।
- NMIMS CDOE से डिस्टेंस एजुकेशन के माध्यम से एमबीए किया।

### तेलुगू मूवी से फिल्मी दुनिया में कदम

- **मुख्य फिल्म :** 2021 में रिलीज हुई फिल्म मुग्गुरू मोनागल्लू यह एक कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म थी। इसमें ट्विशा प्रमुख कलाकार थीं।
- **शॉर्ट फिल्म :** 2018 में हिंदी शॉर्ट फिल्म 'जरा संभल के' में ट्विशा ने काम किया।
- 2018 (शॉर्ट फिल्म) से 2021 में (तेलुगु फिल्म रिलीज) तक मुख्य रूप से इस क्षेत्र में सक्रिय रहीं।

## हाई इंटेंसिटी कैमरे से रिकॉर्डिंग की

इससे पहले आज जांच के दौरान सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर में हाई इंटेंसिटी 3उकैमरा लगाकर पूरे परिसर की 360 डिग्री रिकॉर्डिंग की। आसपास की लोकेशन भी स्कैन की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल किसी पड़ोसी मकान की छत या बालकनी से दिखाई देता है या नहीं।

12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। 24 मई को भोपाल AIIMS में दिल्ली AIIMS की टीम ने ट्विशा की डेड बॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शाम को भदभदा श्मशान घाट में ट्विशा का अंतिम संस्कार किया गया।



## टाइमलाइन
## ट्विशा शर्मा मौत केस

**12 मई**
- रात में ट्विशा शर्मा का शव घर में फांसी पर लटका मिला।

**13 मई**
- सुबह एम्स भोपाल में पोस्टमॉर्टम किया गया।
- देर रात परिजनों ने कटारा थाने में हंगामा किया।

**14 मई**
- दोपहर में परिजन पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।
- देर रात पुलिस ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ के खिलाफ FIR दर्ज की।

**15 मई**
- गिरिबाला सिंह ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया।
- शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने जमानत मंजूर की।
- परिजनों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मानने से इनकार किया।

**16 मई**
- परिजनों ने जांच दिल्ली पुलिस को सौंपने की मांग उठाई।

**17 मई**
- परिजनों ने सीएम हाउस के बाहर धरना दिया।
- शव देर रात तक एम्स की मॉर्च्युरी में रखा रहा।

**18 मई**
- भोपाल कोर्ट ने समर्थ की अग्रिम जमानत खारिज की।
- परिजनों ने गिरिबाला सिंह को कंज्यूमर फोरम से हटाने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा।

**20 मई**
- जबलपुर हाईकोर्ट ने समर्थ के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया।
- राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वत: संज्ञान लिया।
- DG से ATR रिपोर्ट मांगी गई।

**22 मई**
- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने दिशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम कराने के आदेश दिए।
- मध्य प्रदेश सरकार ने मामले की CBI जांच के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा।
- समर्थ सिंह को पुलिस ने जबलपुर कोर्ट से गिरफ्तार किया।

**23 मई**
- समर्थ को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।
- दिल्ली एम्स की टीम भोपाल पहुंची।
- सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया।

**24 मई**
- एम्स दिल्ली की टीम ने दोबारा पोस्टमॉर्टम किया।
- भोपाल के भदभदा विश्राम घाट में शाम 5 बजे अंतिम संस्कार किया गया।

**25 मई**
- सुप्रीम कोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।
- सास गिरिबाला और पति समर्थ के खिलाफ CBI ने FIR दर्ज की।

**26 मई**
- सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह के घर पहुंची। नए सिरे से जांच शुरू की।

**27 मई**
- हाईकोर्ट ने रिटायर जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी।

■ वर्ष-12 अंक-205 मूल्य- 2 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

**सुभाषितानि**

सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रविः।
सत्येन वायवो वान्ति सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

**भावार्थ** : सत्य से पृथ्वी का धारण होता है, सत्य से सूर्य तपता है, सत्य से पवन चलता है। सब सत्य पर आधारित है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 29 मई, 2026

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

**भावार्थ** : धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है।


## सम्पादकीयम्

### बङ्गदेशे तमिलनाडुदेशे च सर्वकाराणां

बङ्गदेशे तमिलनाडुदेशे च सर्वकाराणां निमार्णानन्तरं वास्तविकचुनौत्यस्य आरम्भः भवति; अग्रे मार्गः सुवेन्दु अधिकारी, थलपाथी विजयाय च सुलभः नास्ति पश्चिमबङ्गदेशे तमिलनाडुदेशे च सर्वकाराणां निमार्णानन्तरं वास्तविकचुनौत्यस्य आरम्भः भविष्यति। नूतनमुख्यमन्त्रिणां प्रतिज्ञां पूरयितुं अत्यन्तं परिश्रमं कर्तव्यं भवेत्। पश्चिमबङ्ग-तमिलनाडु-देशयोः नूतनाः मुख्यमन्त्रिणः प्राप्तुं निश्चिताः सन्ति। तमिलनाडुदेशे निर्वाचनपरिणामस्य घोषणायाः अनन्तरं नूतनसर्वकारस्य निर्माणविषये या अनिश्चितता आसीत्, सा अधुना दूरीकृता अस्ति। राज्ये नूतनानि राजनैतिकसमीकरणानि उद्भवन्ति, तत्र केचन आव्हानाः अपि अग्रे सन्ति। संकट निवारण। विजयस्य टीवीके इत्यनेन सह अधुना काङ्ग्रेसः, वीसीके, भाकपा, सीपीएम च मिलित्वा कार्यं कृतवन्तः। एकः बृहत्तमः दलः अभवत् अपि विजयः राज्यपालेन सर्वकारस्य निमार्णार्थं न आमन्त्रितः आसीत् यतः तस्य निरपेक्षबहुमतस्य अभावः आसीत्। एतेन निरन्तरं भ्रमस्य स्थितिः निर्मितवती आसीत्, डीएमके-एआईएडीएमके-योः सम्भाव्यगठबन्धनस्य विषये अपि अनुमानं प्रेरितम् आसीत्-एतत् परिदृश्यं केवलं दिवसपूर्वं अकल्पनीयं प्रतीयते स्म राज्ये एकप्रकारस्य संवैधानिकसंकटः प्रचलति इति भासते स्म। अधिकांशः पुरुषाः किमर्थम् अस्मिन् सूत्रे विश्वासं कुर्वन्ति?

**सुपर एल नीनो सक्रियः**

# भारते अनावृष्टेः तीव्रतापस्य च जोखिमः मानसूनः दुर्बलः भवेत्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अस्मिन् वर्षे देशे सामान्यतः न्यूनवृष्टेः पूर्वानुमानस्य मध्यं 'सुपर एल नीनो' इति कार्यक्रमः अपि सक्रियः भवितुम् अर्हति। अमेरिकीमौसमसंस्थायाः अनुसारं-राष्ट्रीयमहासागरीय वायुमण्डलीयप्रशासनस्य-इयं घटना मे-जुलाई-कालपर्यन्तं प्रारब्धं भवितुम् अर्हति।

एनओएए इत्यनेन ज्ञापितं यत् प्रशान्तमहासागरे समुद्रपृष्ठस्य तापमानं सम्प्रति मे मासस्य सामान्यतः ०.५ डिग्री सेल्सियस अधिकं भवति। अस्मिन् वर्षे सम्पूर्णे मानसूनऋतौ एताः उष्णतराः परिस्थितयः स्थास्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। गतमासे जारीकृते पूर्वानुमाने एतस्य सम्भावना ६१ प्रतिशतं आसीत्; इदानीं एतत् आकङ्कणं ८२ प्रतिशतं यावत् वर्धितम् अस्ति। भारतस्य मौसमविभागस्य प्रमुखः मृत्युञ्जयमोहापात्रः अवदत् यत् एतस्य प्रत्यक्षः प्रभावः मानसूनवृष्टौ भविष्यति, येन देशे सर्वत्र अनावृष्टेः जोखिमः महत्त्वपूर्णः भविष्यति।

एल नीनो इति किम्- एल नीनो इत्यस्य कारणेन समुद्रपृष्ठस्य तापमानं असामान्यतया वर्धते, येन वायुप्रकारेषु तदनुरूपं परिवर्तनं भवति। अस्याः घटनायाः वैश्विकप्रभावः विश्वव्यापीरूपेण वर्षाचक्रं बाधते-केषुचित् प्रदेशेषु तीव्र-अनवृष्टिः उत्पद्यते, अन्येषु तु प्रचण्डवृष्टिः जलप्लावनञ्च भवति सरलतया वक्तुं शक्यते यत् यदा एल नीनो सक्रियः भवति तदा प्रशान्तमहासागरात् भारतं प्रति प्रवहन्तः मानसूनवायुः बाधते। एतेन वर्षास्तरस्य प्रतिकूलप्रभावः भवति।

एल नीनो इत्यस्य सम्भावना ८२ प्रतिशतं यावत् वर्धिता एनओएए इत्यस्य नवीनतमस्य अद्यतनस्य अनुसारं अस्मिन् वर्षे मे-जुलाई-मासयोः मध्ये 'सुपर एल नीनो' इत्यस्य विकासः भविष्यति इति ८२ प्रतिशतं सम्भावना अस्ति। अपि च, एतत् आयोजनं शिशिरऋतुपर्यन्तं (२०२६ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बर-मासतः २०२७ तमस्य वर्षस्य फेब्रुवरी-मासपर्यन्तं) स्थास्यति इति ९६ प्रतिशतं सम्भावना अस्ति। तदतिरिक्तं, घटनायाः वर्गीकरणं 'बलवन्तः' अथवा 'अतिबलवन्तः' इति प्रायः ६७ प्रतिशतं सम्भावना अस्ति। फलतः अधुना दुर्बलमानसूनस्य, अनावृष्टेः, उष्णतरङ्गस्य च सम्भावना महती वर्धिता अस्ति।

**इदानीं सर्वोच्चन्यायालये**

## विवादस्य मध्ये साइबर अपराधिनः अपि सीजेपी इति नामस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

इदानीं सर्वोच्चन्यायालये एषः विषयः प्राप्तः अस्ति। अधिवक्ता राजा चौधरी न्यायालये जनहितमुकदमम् (पीआईएल) दाखिलवान्, यत्र भाजपाविरुद्धं सीबीआई-जाँचः भवतु। न्यायालयस्य मौखिकनिरीक्षणस्य व्यावसायिकराजनैतिकलाभार्थं शोषणं क्रियते इति याचिकायां आरोपः अस्ति। अत्र अपि उक्तं यत् काकरोच् जन्ता पार्टी इति नाम्ना व्यापारचिह्नानुरोधाः दाखिलाः, न्यायिकटिप्पणीनां व्यावसायिकशोषणरूपेण एतस्य विशेषता अस्ति।

इदानीं एतस्य सम्पूर्णस्य विवादस्य मध्ये साइबर अपराधिनः अपि सीजेपी इति नामस्य पूंजीकरणं आरब्धवन्तः। पञ्जाबपुलिसः चेतावनीम् अयच्छत् यत् सीजेपी-सङ्गठनस्य आडम्बरेण व्हाट्सएप्-माध्यमेन धोखाधड़ी-लिङ्काः प्रसारिताः सन्ति। पुलिस-अनुसारं यस्मिन् क्षणे व्यक्तिः एतेषु लिङ्केषु क्लिक करोति तस्मिन् क्षणे तेषां मोबाईल-फोनानां हैक-करणस्य जोखिमः भवति, येन सम्भाव्यतया साइबर-जालसाधकाः स्वस्य बैंक-विवरणं प्राप्तुं शक्नुवन्ति लुधियानापुलिसस्य एकेन अधिकारीणः एकं विडियोवक्तव्यं प्रकाशितवान् यत् एतत् हास्यविषयं नास्ति, अपितु गम्भीरं साइबरधमकी अस्ति इति बोधयति।

अस्य सम्पूर्णस्य घटनाक्रमस्य विषये सम्प्रति सामाजिकमाध्यमेषु निरन्तरं वादविवादः प्रचलति। केचन युवानां असहमतिस्य प्रकटीकरणं, अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्यस्य अभ्यासरूपेण च पश्यन्ति, अन्ये तु गणितं डिजिटल-अभियानं, राजनैतिक-प्रभावं प्रयोक्तुं रणनीतिः इति च लक्षणं ददति सम्प्रति काकरोचजनतापक्षः केवलं मेमे पृष्ठं भवितुं परं विकसितः अस्ति।

## निर्दिष्टम् आसीत् ये एतस्य राष्ट्रियसंकटस्य अवहेलनां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

यत् डॉ. स्तुतिमिश्रः लिखितवान् यत् वयं-अस्माकं सर्वे-तैलस्य आपूर्तिस्य अभावस्य, सवेषां पेट्रोलियम-उत्पादानाम् मूल्यवृद्धेः च पृष्ठतः कारणं स्मः, यत् प्रचलति अन्तर्राष्ट्रीय-सङ्घर्षेभ्यः उद्धृतम् अस्ति मम पदं तेषां सवेषां कृते निर्दिष्टम् आसीत् ये एतस्य राष्ट्रियसंकटस्य अवहेलनां कुर्वन्ति, प्रधानमन्त्रिणः आह्वानं च अवहेलयन्ति। अस्मिन् संकटकाले ईंधनस्य उपभोगं न्यूनीकर्तुं उद्दिश्य उपायानां सख्यं पालनम्, राष्ट्रियैकतां प्रदर्शयितुं च प्रत्येकस्य नागरिकस्य नैतिकदायित्वम् अस्ति। स्तुतिः अपि अवदत् यत् निःसंदेहं यदि वयं सर्वे सामूहिकरूपेण प्रयत्नपूर्वकं च एतान् मार्गदर्शिकान् अनुसरामः तर्हि मूल्यानि न वर्धयिष्यन्ति; तद्विपरीतम्, तत् न कृत्वा स्थितिः दुर्गतिम् अवाप्नुयात्। मम पदं सवेषां कृते आगामिसमस्यायाः विषये चेतावनीरूपेण।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से आप ठीक हैं, लेकिन आज सेहत में कुछ दिक्कतें हो सकती हैं। धन की स्थिति में शाम तक सुधार के संकेत हैं।

**वृषभ** : रिश्तों में तालमेल बढ़ेगा और मजबूती आएगी। कार्यस्थल पर उच्चाधिकारी आपके काम से प्रभावित हो सकते हैं।

**मिथुन** : किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं। पुराने दोस्तों का घर पर आगमन होगा, जिससे मन प्रसन्न होगा।

**कर्क** : मैरिड महिलाओं को बातचीत पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मानसिक शांति मिलेगी।

**सिंह** : आज जोखिम भरे निवेश से बचें। आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे और आपसे सलाह मांग सकते हैं।

**कन्या** : धन का मामला पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में काम के बोझ के कारण खुद को थका हुआ महसूस कर सकते हैं।

**तुला** : आपके विचारों और भावनाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** : कोई बड़ी मेडिकल समस्या सामने नहीं आएगी। रिश्तों में दूरियों के संकेत हैं। भय और असुरक्षा का अनुभव कर सकते हैं।

**धनु** : अपनी लव लाइफ को अगले लेवल पर ले जाने पर विचार करें। आपके आसपास की स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है।

**मकर** : परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ भविष्य को लेकर चर्चा हो सकती है।

**कुंभ** : नौकरी पेशा करने वाले लोगों को कार्यस्थल पर अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। इस समय आप सही फैसले ले पाएंगे।


**मीन** : सेहत भी नॉर्मल रहेगी। आपको धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ धन का लेनदेन करने से बचें।

**ज्योतिष/वास्तु**

# गजलक्ष्मी राजयोग से बदलेगी इन राशियों की किस्मत, मिल सकते हैं नए अवसर

गजलक्ष्मी राजयोग को ज्योतिष में अत्यंत शुभ माना गया है। यह योग 5 राशियों के लिए धन, करियर में तरक्की, मान-सम्मान और संपत्ति वृद्धि के संकेत दे रहा है। जानें किन राशियों को मिलेगा लाभ।

ज्योतिषीय दृष्टि से जून 2026 का समय एक खास संयोग लेकर आ रहा है। 10 जून को देवगुरु बृहस्पति और शुक्र की निकट युति से बनने वाला गजलक्ष्मी राजयोग कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह योग आमतौर पर धन, वैभव, करियर में प्रगति और सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ा होता है। इस बार इसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से अनुकूल संकेत दे रहा है। ऐसे में यह दौर कई लोगों के लिए बदलाव और उन्नति का रास्ता खोल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों पर इस योग का सबसे ज्यादा सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है।



**कर्क राशि-** गजलक्ष्मी राजयोग का प्रभाव कर्क राशि वालों के लिए खासतौर पर फायदेमंद साबित हो सकता है। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं, खासकर पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम की सराहना होगी और प्रमोशन के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को भी इस दौरान अच्छा मुनाफा होने की संभावना है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय भाग्य का साथ लेकर आ सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं, उन्हें अच्छे अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व की सराहना होगी और सरकारी या प्रशासनिक क्षेत्रों में सफलता मिलने के संकेत हैं। साथ ही विदेश यात्रा के भी योग बन सकते हैं और पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा।

**तुला राशि-** तुला राशि के लिए यह राजयोग लाभकारी माना जा रहा है। कारोबार में बढ़ोतरी और किसी बड़ी डील के मिलने की संभावना है। निवेश के लिए समय अनुकूल रह सकता है, जिससे आगे चलकर अच्छा लाभ मिल सकता है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है और आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। साथ ही प्रेम जीवन में मधुरता बढ़ेगी और रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु राशि-** गजलक्ष्मी राजयोग का प्रभाव धनु राशि के जातकों के लिए खास तौर पर अनुकूल रह सकता है। इस दौरान आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। अटका हुआ या उधार दिया गया पैसा वापस मिल सकता है और पैतृक संपत्ति से भी लाभ होने की संभावना है। निवेश के लिहाज से समय आपके पक्ष में रह सकता है, जिससे आगे अच्छा रिटर्न मिलने के योग बनते हैं।

## खबर एक नजर...

### बाइक में पेट्रोल भरवाने के बाद कर्मचारी से मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम बिछडौद में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शाम को बाइक सवार पहुंचा और पेट्रोल भरने के लिये कहा। कर्मचारी अरविंद पिता अशोक प्रजापत 20 साल ने बाइक में पेट्रोल भर दिया और रुपए मांगे। बाइक सवार ने गाली-गलौच करते हुए रुपए देने से मना किया और खुद को दादा-पहलवान बताते हुए कर्मचारी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और बिना रुपए दिये भाग निकला। अरविंद की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि पेट्रोल के रुपए ना देकर मारपीट करने वाले बाइक सवार की पहचान भूपेन्द्र पिता हाकमसिंह गुर्जर निवासी गुराड़िया गुर्जर के रूप में कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### अज्ञात वाहन ने ग्रामीण को कुचला, अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गामड़ी में बुधवार-गुरूवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अजय पिता मोहन चौधरी को कुचल दिया। अजय गंभीर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर ग्राम गामडी से परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अजय घर से 2 किलोमीटर दूर खेत पर गया था, जहां से लौटते समय उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। नरवर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन कार होना सामने आ रहा है। जिसका मार्ग पर लगे कैमरे देखे नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला था।

### ग्राम गौंसा में रास्ता रोक 3 बदमाशों ने मांगे 5 हजार

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गौंसा में निलेश पिता रविन्द्र मालवीय 37 साल निवासी राज रॉयल कालोनी और उसके 2 दोस्तों का रास्ता रोक तीन बदमाशों ने अवैध रुपए से 5 हजार रूपयों की मांग की। निलेश के मना करने पर बदमाशों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। भैरवगढ़ थाना एसआई सत्यनारायण प्रजापति ने बताया निलेश मालवीय की शिकायत पर बदमाश राहुल और 2 अन्य के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया गया है। निलेश मालवीय और उसके दोनों साथी कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। तीनों परिचित की मां का निधन होने पर चक्रतीर्थ आये थे। जहां से निलेश एक साथी को छोड़ने चकरावदा जा रहा था, उसी दौरान बदमाशों ने उसका रास्ता रोका था। बदमाश राहुल के गिरफ्त में आने पर उसके साथी बदमाशों के नाम सामने आ पायेगें।

### खाईवाल के पास मिले 18 हजार और सट्टा अंक पर्ची

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पुलिस ने कुछ दिनों से केडी गेट क्षेत्र में सट्टा खाईवाली होने की सूचना मिलने पर बीती शाम घेराबंदी की। केडी गेट चौराहा से अक्षय पिता राधेश्याम सोनी निवासी अब्दालपुरा को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 8 सट्टा अंक पर्ची के साथ 18 हजार 350 रुपए नगद बरामद हो गये। जिसे थाने लाया गया और मामले में सट्टा अधिनियम की धारा 4-ए का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पूर्व में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 124-7 | 357-5 |
| मेन बाजार | 559-9 | 490-3 |
| मिलन डे | 240-6 | 130-4 |
| मिलन नाइट | 290-1 | 466-6 |

1 4 0

## नलियाबाखल में हुई हत्या के आरोपी हिरासत में

# रंजिश में चाकूओं से किया था युवक पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





नलियाबाखल में बुधवार-गुरूवार रात हुई युवक की हत्या में शामिल 2 नाबालिग और एक युवक को पुलिस ने चंद घंटों बाद हिरासत में ले लिया गया। पुरानी रंजिश में तीनों ने चाकूओं से हमला कर हत्या को अंजाम दिया था। चाकू मारने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रविशंकर नगर ठाकुर चाट वाले के मकान में रहने वाले मोहित पिता प्रेमनारायण मंसोरिया 18 साल की रात 11.30 बजे के लगभग नलियाबाखल क्षेत्र के भैरू मंदिर के पास चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की थी। गुरूवार सुबह हत्या में शामिल एकलव्य पिता विनोद शर्मा 19 साल निवासी नलियाबाखल और उसके 2 नाबालिग साथियों को हिरासत में ले लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उनके बीच पिछले 4-5 माह से विवाद चला आ रहा था। पूर्व में ताल-घूंसों से मारपीट हो चुकी थी। लेकिन मामला पुलिस थाने तक नहीं पहुंचा था। तीनों आरोपियों ने मोहित पर अलग-अलग चाकू से हमला किया था। थाना प्रभारी बादल के अनुसार तीनों से चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। तीनों आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार करने के लिये एसआई जितेन्द्र झाला, एएसआई बलराम थिरोठा, चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक गोपाल, शशांक, पंकज, दीपक पटेल, यादवेन्द्र की टीम बनाई गई थी। पूरी टीम ने रातभर हत्या करने वाले आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और परिजनों के पूछताछ कर सुबह गिरफ्तार कर लिया।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखा घटनाक्रम

रात में हुई हत्या के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें हत्या का पूरा घटनाक्रम दिखाई दिया। एक्टिवा से मोहित 2 दोस्त हर्ष और आदी के साथ नलियाबाखल जतिन के बुलाने पर पहुंचा था। जहां बातचीत के दौरान पीछे से एकलव्य आया और थप्पड़ मार दियाद्व जिसके बाद विवाद बढ़ गया। जतिन ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तभी एकलव्य के 2 साथी आये और तीनों थप्पड़-लात से मारते हुए चाकू घोंप दिये। मोहित का 3 से 4 चाकू लगे और वह लहूलुहान हो गया। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। घायल मोहित को दोस्त हर्ष और आदी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### परिजनों और साथियों का हंगामा

घटनाक्रम के बाद चरक अस्पताल से मोहित को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर मिले ही रात 12.30 बजे पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर मृतक के साथियों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई, आरोप लगाया जाने लगा कि पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ रही है। हंगामे की खबर पर महाकाल टीआई गगन बादल, माधवनगर टीआई गजेन्द्र पचौरिया, कोतवाली टीआई दीनबंधुसिंह तोमर और पुलिस बल पहुंच गया। मामला शांत कराने के बाद पुलिस ने शिकायत के लिये परिजनों और दोस्तों को थाने बुलाया, वहां भी काफी देर तक हंगामा किया गया।

# गांधीनगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास

## घर की चौखट पर रखा मिला खून लगा मांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईद पर्व की सुबह गांधीनगर में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया। एक मकान की चौखट पर खून लगा मांस रखा मिला। खबर मिलने पर पुलिस और क्षेत्रीय पार्षद मौके पर पहुंच गये। रहवासियों में आक्रोश दिखाई दिया। पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर कार्रवाई की बात कहीं।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर में रहने वाली स्नेहलता अगोने सुबह 7.30 बजे के लगभग घर-आंगन की सफाई अंदर चली गई थी। आधे घंटे बाद वापस बाहर आई तो चौखट पर खून लगा मांस रखा हुआ था। आसपास के लोगों को खबर मिली तो सभी एकत्रित हो गये और आक्रोश फैल गया। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम और क्षेत्रीय पार्षद शिवेन्द्र तिवारी गांधीनगर पहुंच गये। पुलिस ने मामला शांत कराया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर कालोनी में लगे कैमरों के फुटेज देखने की बात कहीं। वही पार्षद ने कहा कि असामाजिक तत्वों की करतूत पर सख्त कार्रवाई की जाये। मामले में शाम को थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से घटनाक्रम की पुष्टि नहीं हो पाई है। मकान के बाहर किसी व्यक्ति के फुट मार्क भी नहीं मिले है। बावजूद मामले की गंभीरता से जांच जारी है। पक्षी या जानवर के माध्यम से भी मांस घर के बाहर आने की आशंका बनी हुई है।

# गिरफ्त में हत्या का भय दिखाकर रुपए हड़पने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रजिस्ट्री नहीं कराने और हत्या का भय दिखाकर रुपए हड़पने वाले बदमाश को गुरूवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। बदमाश पूर्व में भी कई लोगों के रुपए हड़प चुका था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि 27 अप्रैल को संत तुकाराम पथ के रहने वाले हितेश पिता नंदकिशोर सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह सुबह मार्निंग वॉक पर निकला था। आमलारोड शासकीय कॉलेज के आगे उसे मनोज पिता नारायण चावड़ा निवासी ग्राम अमला मिला। जिससे उसकी मां द्वारा जमीन खरीदी थी। मनोज द्वारा काफी समय से रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही थी। उसके मिलने पर रजिस्ट्री कराने की बात कहीं गई तो उसने गाली-गलौच करते हुए कहा कि रजिस्ट्री नहीं कराऊंगा और जो रुपए लिये है, वह भी वापस नहीं करूंगा। मैं यहां का दादा हूं, मेरा नाम चलता है, आज के बाद रजिस्ट्री कराने की बात कहीं तो जान से मारने दूंगा। हितेश सोनी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया और हत्या का भय दिखाने वाले की तलाश शुरू की गई। गुरूवार सुबह आरोपी मनोज चावड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जमीन हड़पकर रुपए नहीं लौटाने के 3 से 4 शिकायती आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिनकी जांच जारी है, उक्त मामलों में भी आरोपी के खिलाफ जांच पूरी होते ही प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

# ट्रेक्टर-ट्रालियों में भरी जा रही थी तालाब की मिट्टी, जेसीबी जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रात के अंधेरे में अंतलवासा तालाब से मिट्टी खोदकर ट्रेक्टर-ट्रालियों में भरी जा रही थी। अवैध तरीके से हो रही तलाब की खुदाई का मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो मौके पर पहुंची। जेसीबी को जप्त किया गया और चालक को हिरासत में लेकर खनिज विभाग को सूचना दी गई।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 27 मई की रात गांव अंतलवासा तालाब में जेसीबी से अवैध खनन कर मिट्टी ट्रेक्टर-ट्राली में भरे जाने की खबर मिली थी। जिसके चलते पुलिस शासकीय वाहन से अंतलवासा तालाब की ओर रवाना हुई। पुलिस की गाड़ी आती देख 4 से 5 चालक ट्रेक्टर-ट्राली लेकर भाग निकले। तालाब में बिना नम्बर की जेसीबी से खुदाई की जा रही थी। पुलिस ने जेसीबी आपरेटर विनोद पिता गिरधारीलाल राठोर 26 वर्ष निवासी ग्राम लुनेरा थाना बिलपांक जिला रतलाम को हिरासत में लिया और खनन के संबंध में पूछताछ शुरू की गई। आपरेटर विनोद ने मिट्टी खोदने और परिवहन करने के दस्तावेज और अनुमति नहीं होने की बात कहीं। मौके पर अवैध उत्खनन होने पर पंचनामा बनाकर जेसीबी को जप्त कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार अग्रिम कार्यवाही के लिये खनिज विभाग को सूचना दी गई। जिनके द्वारा अवैध खनन में लगी ट्रेक्टर-ट्रालियों का पता लगाकर खुदाई में लगी जेसीबी के चालक से पूछताछ की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com